इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"॥

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 310 राजनांदगांव, सोमवार 29 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

सप्तमी : कालरात्रि



## बीसीसीआई में छग के प्रभतेज सिंह भाटिया ज्वाइंट सेक्रेटरी बने



रायपुर। क्रिकेटर मिथुन मन्हास को बीसीसीआई का 37 वां अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को मुंबई ऑफिस में हुई एनुअल जनरल मीटिंग के बाद यह घोषणा की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से जुड़े प्रभतेज सिंह भाटिया को ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि, श्री भाटिया इस समय में बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष रहे हैं, जो पद छत्तीसगढ़ से पहली बार किसी व्यक्ति को मिला था। अब पुनः उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें ज्वाइंट सेक्रेटरी जैसी बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्वाइंट सेक्रेटरी का पद विशेष महत्व रखता है क्योंकि अंडर-19 टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीमों के चयन की प्रक्रिया उनके निर्देशन में होती है। भाटिया की नियुक्ति से न सिर्फ क्रिकेट जगत बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में हर्ष का माहौल है। क्रिकेट प्रेमियों को विश्वास है कि उनकी अगुवाई में शीघ्र ही छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बना पाएंगे।

## लाल चंदन तस्करी कांड : नागपुर से रायपुर तक फैला था तस्करी नेटवर्क, ईडी ने कुर्क की करोड़ों की संपत्ति



रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल चंदन की तस्करी में शामिल आरोपी अब्दुल जाफर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने आरोपी की 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। आरोप है कि जाफर ने यह संपत्ति तस्करी से कमाए गए अवैध धन से खरीदी थी। जांच में सामने आया कि वर्ष 2016 में अब्दुल जाफर ने रायपुर के एक गोदाम में 576 लाल चंदन के लट्ठे छिपाकर रखे थे। इन लट्ठों का कुल वजन करीब 11 टन था और इन्हें दुबई भेजने की योजना बनाई जा रही थी। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली थी कि जाफर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल चंदन की तस्करी में सक्रिय है।

# 9वीं बार एशिया का चैंपियन बना भारत, पहले कुलदीप की तबाही फिर तिलक ने कूटा, हार की हैट्रिक से पाक शर्मसार

दुबई। भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है. टीम इंडिया कुल 9वीं बार एशियाई चैंपियन बनी है. फाइनल मैच में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 146 रन बनाए थे. जवाब में भारतीय टीम ने आखिरी ओवर में मैच जीत लिया है. तिलक वर्मा भारत की जीत के असली हीरो रहे, जिन्होंने 69 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. वहीं गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट झटके थे. पाकिस्तान टीम पहले बैटिंग करने आई, तो साहिबजादा फरहान और फखर जमान ने 84 रनों की सलामी साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई थी. फरहान ने 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. जैसे ही फरहान आउट हुए, वैसे ही अन्य पाक बल्लेबाज अपना विकेट गंवाते चले गए. आखिरी 62 रनों के भीतर पाकिस्तान ने अपने सारे 10 विकेट गंवाए.




### गिल-अभिषेक फ्लॉप, तिलक ने लूटी महफिल

अभी तक पूरे टूर्नामेंट में तबाही मचाते आए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 5 रन और 12 रन बनाकर आउट हो गए. कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अपनी खराब फॉर्म में कोई सुधार नहीं ला सके, जो सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए. कप्तान सूर्या ने इस पूरे टूर्नामेंट में केवल 72 रन बनाए हैं. यहां तिलक वर्मा तारणहार बनकर उभरे, जिन्होंने नाबाद 65 रनों की पारी खेली. भारत की जीत की उम्मीदों को जिंदा उस 57 रन की पार्टनरशिप ने किया, जो तिलक वर्मा और संजू सैमसन के बीच हुई. ये साझेदारी ऐसे समय में आई, जब भारत ने 20 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे. सैमसन ने महत्वपूर्ण मौके पर 21 गेंद में 24 रन बनाए.

### 9वीं बार चैंपियन बना भारत

भारतीय टीम को 9वीं बार एशिया का चैंपियन बनाने में तिलक वर्मा का बहुत बड़ा योगदान रहा. तिलक तब बैटिंग करने आए थे जब भारत ने मात्र 10 के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवा दिया था. एक परिपक्व बल्लेबाज की भांति तिलक वर्मा सब्र से खेले और 67 रन की मैच विनिंग पारी खेली. भारत ने सबसे ज्यादा बार एशिया कप का खिताब जीता है. इस मामले में उससे पीछे श्रीलंका है, जिसने 6 बार एशिया कप ट्रॉफी जीती है. एशिया कप 2025 में पाकिस्तान, भारत के खिलाफ हार की हैट्रिक से भी शर्मसार हुआ है. ग्रुप स्टेज में भारत को 7 विकेट की जीत मिली थी, फिर 21 सितंबर का दिन आया जब सुपर-4 राउंड के मैच में भारत को 6 विकेट की जीत मिली. अब फाइनल में भी भारतीय टीम ने पाकिस्तान को रौंदते हुए जीत की हैट्रिक लगा दी है.

# जयशंकर की चाल में फंसा पाक, यूएन में रिएक्शन के चक्कर में खुद को बता दिया आतंक का अड्डा



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के मंच से पाकिस्तान पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद का केंद्र बताते हुए आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हालांकि उन्होंने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया। जयशंकर ने अपने संबोधन में पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले का भी उल्लेख किया। दुनिया के सामने अपनी करतूतों का चिट्ठा खुलते देख पाकिस्तान तिलमिला गया।

अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने भारत पर पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बदनाम करने का आरोप लगा दिया। हालांकि, सबसे हैरान करने वाली बात रही कि जयशंकर ने किसी भी देश के नाम का जिक्र नहीं किया था। बावजूद इसके पाकिस्तान उस बयान को अपने लिए समझा।

पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने दावा किया कि भारत के आरोप झूठ दोहराने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पाकिस्तानी प्रतिनिधि के इस जवाब पर एस जयशंकर ने अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का वक्तव्य बताता है कि एक पड़ोसी देश, जिसका नाम तक नहीं लिया गया था, बावजूद इसके जवाब देने और सीमा पार आतंकवाद को लेकर अपनी लंबी समय से चली आ रही गतिविधि को स्वीकार करने का ऑप्शन चुना।

जयशंकर ने कहा कि संकट के समय में अपने पड़ोसियों की तत्काल जरूरतों पर भारत की त्वरित प्रतिक्रिया को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, '...अशांत समय में यह जरूरी है कि हम संकट के क्षणों में आगे बढ़ें। भारत इस संबंध में खासकर अपने आस-पास के क्षेत्रों में हमेशा तत्पर रहा है। चाहे वह वित्त, भोजन, उर्वरक या ईंधन हो, हमने अपने पड़ोसियों की तत्काल जरूरतों को पूरा किया है।'

# कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन माओवादी ढेर, कई टॉप लीडर भी घिरे



कांकेर। प्रदेश में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के कांकेर, धमतरी और ओडिशा की सीमा से सटे इलाके में मुठभेड़ हो रही है। रविवार सुबह से सुरक्षाबल की टीम सर्चिंग मिशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की है। मिली जानकारी के अनुसार, जवानों ने तीन नक्सलियों को मार गिराया है।

कांकेर जिले के एसपी कल्याण एलिसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। अभी मुठभेड़ हो रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### सर्चिंग पर थे जवान

जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबल के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। जब जवान जंगली इलाके में घुसे तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला। फिलहाल, रुक-रुककर फायरिंग जारी है। आशंका जताई जा रही है कि जंगल में और भी नक्सली छिपे हो सकते हैं। आशंका है कि नक्सलियों के कई बड़े लीडर भी यहां मौजूद हो सकते हैं।

### सुकमा ने हथियार फैक्ट्री को किया था बर्बाद

इससे पहले सुरक्षाबल के जवानों ने शनिवार को सुकमा जिले में बड़ी कार्रवाई की थी। सुकमा जिले में जवानों ने नक्सलियों के हथियार बनाने वाली फैक्ट्री को खोज निकाला था। जवानों ने इस फैक्ट्री को बर्बाद कर दिया था। बता दें कि बस्तर में सुरक्षाबल के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे हैं।

# मन की बात में पीएम मोदी ने किया जुबीन का जिक्र, कहा- 'उनका संगीत पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करेगा'

नई दिल्ली। गप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को असम के गायक जुबीन गर्ग का जिक्र किया। हाल ही में सिंगापुर में जुबीन का एक हादसे में निधन हो गया था। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को असम में लाया गया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मन की बात में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा जुबीन गर्ग के असामयिक निधन से लोग शोक में हैं। जुबीन गर्ग एक मशहूर गायक थे। जिन्होंने देश भर में अपनी पहचान बनाई। असम की संस्कृति से उनका बहुत गहरा लगाव था। जुबीन गर्ग हमारी यादों में हैं। हमेशा बने रहेंगे। उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करता रहेगा।

### हाल ही में हुआ जुबीन गर्ग का निधन

आपको बता दें कि जुबीन गर्ग 20 सितंबर को सिंगापुर में होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वहां पहुंचे थे। इससे पहले 19 सितंबर को उनका निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली लाया गया, फिर असम लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में हजारों की भीड़ जमा हुई।



### पीएम मोदी ने लता जी को किया याद

'मन की बात' प्रोग्राम में पीएम मोदी ने सिंगर लता मंगेशकर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा साथियों आज लता मंगेशकर की भी जयंती है। भारतीय संगीत और संस्कृति में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति उनके गीतों को सुनकर अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता। उनके गीतों में वह सबकुछ है जो मानवीय संवेदनाओं को झकझोरता है। उन्होंने देशभक्ति के जो गीत गाए, उन गीतों ने लोगों को बहुत प्रेरित किया। भारत की संस्कृति से भी उनका गहरा जुड़ाव था। मैं लता दीदी के लिए दिल से श्रद्धांजलि देता हूं।'

### मोदी ने किया हजारिका का जिक्र

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में गायक भूपेन हजारिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा 'उनकी आवाज इस बात का सबूत है कि कैसे भूपेन हजारिका जी के गीतों से दुनियाभर के अलग-अलग देश आपस में जुड़ते हैं। दरअसल, श्रीलंका में एक अच्छा प्रयास हुआ। इसमें भूपेन दा जी के मशहूर गीत 'मनुहे मनुहार बाबे', इसका श्रीलंकाई कलाकारों ने सिंहली और तमिल में अनुवाद किया है। कुछ दिनों पहले मुझे असम में उनके जन्मशताब्दी समारोह में शामिल होने का मौका मिला था। यह बहुत यादगार कार्यक्रम रहा।

# बिहार विस चुनाव और 7 राज्यों में बाय-इलेक्शन को लेकर बड़ा फैसला, चुनाव आयोग ने 470 सेंट्रल ओब्जर्वर किया नियुक्त

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और जम्मू-कश्मीर समेत 7 राज्यों की आठ सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए 320 आईएएस और 60 आईपीएस समेत 470 सेंट्रल ऑब्जर्वर (केंद्रीय पर्यवेक्षक) नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। यह सभी ऑब्जर्वर सामान्य, पुलिस और खर्चों पर निगरानी रखने समेत आयोग को जरूरी सूचना भी देंगे।




### आईएएस, आईपीएस से लेकर आईसीएस तक की होगी तैनाती

आयोग ने बताया कि 470 केंद्रीय पर्यवेक्षकों में 320 आईएएस, 60 आईपीएस, 90 आईआरएस/आईआरएएस और आईसीएएस होंगे। यह सब बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान बिहार के अलावा जम्मू-कश्मीर की दो विधानसभा बडगाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब के तरनतारन, मिजोरम की दम्पा और ओडिशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए तैनात होंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त इन सभी केंद्रीय पर्यवेक्षक के साथ दिल्ली में तीन अक्टूबर को मीटिंग भी करेंगे। जिसमें निष्पक्ष,भयमुक्त और विश्वसनीयता के साथ चुनाव कराने संबंधी जरूरी बातें बताई जाएंगी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) इनकी नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 324 द्वारा उसे प्राप्त पूर्ण शक्तियों और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20 बी द्वारा मिली शक्तियों के तहत एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के संचालन पर निगरानी रखने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की तैनाती करता है। इसके तहत पर्यवेक्षक अपनी नियुक्ति से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक आयोग के अधीक्षण, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# करूर रैली भगदड़ में 40 की मौत, मृतकों के परिवारों के लिए 20-20 लाख की सहायता का ऐलान



करूर। तमिलगा वेत्री कझगम (टीव्हीके) की राजनीतिक रैली के दौरान हुई भगदड़ में लगभग 40 लोगों की मौत हो गई और करीब 60 लोग घायल हुए। यह घटना रविवार, 28 सितंबर 2025 को करूर में हुई।

अभिनेता से नेता बने विजय ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए 20 लाख रुपये और घायलों के लिए 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। विजय ने टीव्हीके के आधिकारिक अकाउंट के माध्यम से बयान जारी किया। उन्होंने कहा, करूर में कल जो हुआ, उसे याद करके मेरा दिल और दिमाग गहरे दुख से भर जाता है। इस भयावह त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों का दर्द मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

उन्होंने आगे कहा, मैं उन सभी चेहरों को याद करता हूं, जिनसे मैं इस यात्रा में मिला। आप सभी ने जो स्नेह और समर्थन दिया, वह मेरे दिल में हमेशा रहेगा। लेकिन आज, जब मैं उन परिवारों के बारे में सोचता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया, मेरा दिल टूट जाता है। विजय ने वादा किया कि उनकी पार्टी इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और कहा कि उनकी टीम राहत कार्यों में पूरी तरह जुटी हुई है। उन्होंने सभी से अपील की कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीमेंट दुकान से खरीद पर बवाल, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गंभीर अनियमितता आई सामने

बालोद (दावा)। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में एक अजीबोगरीब अनियमितता सामने आई है, जहां सुहाग सामग्री की खरीद एक सीमेंट और हार्डवेयर दुकान से की गई। यह राजफाश सूचना के अधिकार (आरटीआई) से प्राप्त दस्तावेजों से हुआ है, जो योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर इशारा करता है। इस मामले ने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### कराया गया था 34 जोड़ों का विवाह

फरवरी 2024 में डौंडी में हुए सामूहिक विवाह समारोह में 34 जोड़ों का विवाह कराया गया था। योजना के नियमों के अनुसार आवश्यक सामग्री की खरीद स्थानीय स्तर पर होनी चाहिए, लेकिन डौंडी परियोजना स्तरीय क्रय समिति ने इसे नजरअंदाज कर सैकड़ों किलोमीटर दूर जांजगीर-चांपा जिले की फर्म श्री ज्योति इंटरप्राइजेस से सामग्री खरीदी। हैरानी की बात यह है कि यह फर्म मुख्य रूप से सीमेंट और हार्डवेयर सामग्री का कारोबार करती है, न कि सुहाग या विवाह से जुड़ी वस्तुओं का।

दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि खरीदी गई सुहाग सामग्री का बिल 'श्री ज्योति इंटरप्राइजेस' के नाम पर जारी किया गया। एक सीमेंट दुकान से सुहाग सामग्री जैसे श्रृंगार के सामान, कपड़े या अन्य विवाह संबंधी वस्तुओं की खरीद कैसे संभव है, यह अपने आप में एक बड़ा फर्जीवाड़ा लगता है। आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, कई बिलों में तारीख का स्पष्ट उल्लेख तक नहीं है, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह और गहरा होता है। इसके अलावा, एकीकृत बाल विकास परियोजना डौंडी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अपमान की नीयत साबित नहीं : 17 साल पुराने एट्रोसिटी मामले में शिक्षिका बरी

बिलासपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे की एकलपीठ ने 17 साल पुराने एट्रोसिटी के प्रकरण में बड़ा फैसला सुनाते हुए शिक्षिका अनीता सिंह ठाकुर को बरी कर दिया है। फैसले में कहा गया है कि मामले में अपमानित करने की मंशा साबित नहीं होने से यह अपराध नहीं बनता। ऐसे मामले में महज शब्द नहीं अपमान करने की नीयत का होना जरूरी है। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ की यह शिक्षिका विशेष अदालत से दोषसिद्ध होने के बाद अपील पर आई थी। ट्रायल कोर्ट ने 11 अप्रैल 2008 को शिक्षिका को एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(एक्स) में छह माह की सजा और 500 रुपये जुर्माने से दंडित किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन टीकमराम की अनुसूचित जाति की स्थिति को कानूनी तरीके से साबित नहीं कर पाया और न ही यह सिद्ध हुआ कि शिक्षिका ने अपमानजनक मंशा से टिप्पणी की। ऐसे में 2008 में विशेष न्यायाधीश द्वारा दी गई सजा को रद कर दिया गया।

### हाईकोर्ट ने पाया कि शिक्षिका ने कभी नहीं किया भेदभाव

हाईकोर्ट ने पाया कि शिकायतकर्ता का जाति प्रमाण पत्र घटना के बाद और वह भी अस्थायी जारी हुआ था। जिसकी वैधता छह माह थी। कोर्ट ने कहा कि एससी/एसटी एक्ट के तहत आरोप सिद्ध करने सक्षम अधिकारी का वैध जाति प्रमाण पत्र जरूरी है। गवाहों ने माना कि घटना से पहले शिक्षिका अक्सर उसी चपरासी की बनाई चाय पीती थी और कभी भेदभाव नहीं किया। सिर्फ जातिसूचक शब्द बोलना तब तक अपराध नहीं जब तक उसमें जानबूझकर अपमानित करने की नीयत न हो। शिकायतकर्ता ने स्वीकार किया कि घटना से पहले कोई विवाद नहीं था और शिक्षिका ने पहले कभी ऐसा व्यवहार नहीं किया। सारे तथ्य सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ जाति का उल्लेख कर देना, बिना अपमानित करने की मंशा, धारा 3(1)(एक्स) का अपराध नहीं बनता है।



खैरागढ़ जिले की शिक्षिका अनीता सिंह के पक्ष में आया फैसला

### यह था मामला

23 नवंबर 2006 को प्राथमिक स्कूल पिपरिया में पदस्थ कार्यालय सहायक टीकमराम (जाति सतनामी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शिक्षिका अनीता सिंह ने चाय पीने से मना करते हुए जातिसूचक शब्द कहे और अपमानित किया। उसने आगे आरोप लगाया कि शिक्षिका ने उसे मोची कहते हुए उसके हाथ की चाय पीने से मना कर दिया था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विशेष न्यायालय (एट्रोसिटी) में चालान पेश किया। शिकायतकर्ता का जाति प्रमाण पत्र (एक अस्थायी प्रमाण पत्र) घटना के बाद 4 दिसंबर 2006 को जारी हुआ था। जिसकी वैधता केवल छह माह थी। कोर्ट ने कहा कि यह प्रमाण पत्र विधिसम्मत नहीं है। गवाहों ने स्वीकार किया कि घटना से पहले शिक्षिका अक्सर उसी चपरासी के हाथ की बनी चाय पीती थी और कभी भेदभाव नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि केवल जातिसूचक शब्द बोलना, यदि अपमान या नीचा दिखाने की मंशा साबित न हो तो एससी-एसटी एक्ट के तहत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बारिश का नहीं कटा कल्ला, ऐसे ही बना रहेगा मौसम

- एक ही दिन में झमाझम 40 मिमी बरसे बादल, बारिश का बना नया रिकॉर्ड
- मोंगरा बांध के खोले गए गेट, शिवनाथ आया उफान पर

राजनांदगांव (दावा)। मौसम विभाग की मानें तो अभी बारिश का कल्ला कटा नहीं है। खाड़ी में बदले मौसमी त्रं से तेज बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार की शाम व इसके बाद रात से जिले में शुरू हुई बारिश सुबह तक जारी रही। उक्त झमाझम बारिश के साथ तेज गरज चमक की भी स्थिति बनी रही। रविवार को भी मौसम उसी तरह बने रहने की संभावना जताई गई थी। उक्तानुसार दिन में हल्की-फुल्की बारिश भी हुई। इस हिसाब से देखा जाए तो जिले में 24 घंटे में ही 40 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इस बारिश से जिले के नदी नालों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। जिले के उपरी इलाकों में हुई लगातार बारिश से अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा बांध लबालब हो गया है। इस पर सुरक्षा की दृष्टि से पानी का जमाव कम करने चार गेट खोल दिए गए हैं। इससे शिवनाथ नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है। शिवनाथ नदी का आट- पाट पूरा जा रहा है। एनीकेट के समीप की लगभग सभी सिढ़िया न डूबने के कगार पर है। मोहारा का छोटा पुल पूरी तरह डूब गया है। इससे लोगों को नदी किनारे नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। छोटे पुल के सामने बेरीकेडिंग कर दिया गया है ताकि लोग पानी से लबालब भरे पुल की ओर कोई जा न सके।

### नदी किनारे के लोगो को किया गया अलर्ट

सितंबर माह के आखिरी दिनों जमकर हो रही बारिश से नदी-नालों व जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया है। जलाशयों के जल स्तर बढ़ते ही धीरे-धीरे वाटर डिस्चार्ज की गति बढ़ाई गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी जलाशय पूरी तरह से भर गए है। इसलिए हाल में ही हुई बारिश का अधिकतर पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। इधर जिला प्रशासन द्वारा परिस्थितियों को देखते हुए अमले को मुस्तैद रहने के लिए निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जल भराव से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की जानकारी मांगी है। गोताखोरों की टीम को जहां अलर्ट रहने कहा गया है वहीं राजस्व अधिकारियों ने अपने अधिनस्थों को परिस्थितियों पर निगरानी रखने के लिए कहा है।

### शिवनाथ में छोड़ा जा रहा 26 हजार क्यूसेक पानी

पिछले दिनों से रुक-रुक कर ही सही पर जिले भर में हुई जोरदार बारिश से नदी नालों सहित जलाशयों का जलस्तर बढ़ गया है। शनिवार की सुबह मोंगरा जलाशय से 15 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जो कि शाम को 14 हजार क्यूसेक कर दिया गया। सुबह मोंगरा सहित 4 जलाशयों से कुल 29 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। शाम को यह 26 हजार क्यूसेक था। बारिश की स्थिति को देखते हुए इन जलाशयों से पानी छोड़े जाने का क्रम जारी है। बता दें कि जिले की औसत बारिश 1038 मिमी है।

### आज विशाल भण्डारा

राजनांदगांव (दावा)। पाताल भैरवी मंदिर के पहले पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के सामने, जी.ई. रोड में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि की सप्तमी तिथि के अवसर पर आज 29 सितंबर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। सुबोध अग्रहरि ने सभी भक्तजन आमंत्रित किया है।

# शिवनाथ वाटिका के गरबा उत्सव में सिलेब्रिटी बैंड काफ़िला ग्रुप की धूम, गरबा नृत्य के लिए उमड़ रहे लोग, पुरस्कारों की बौछार






राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी गरबा उत्सव सीजन-9 के छठवें दिन शिवनाथ वाटिका में रंगारंग आयोजन हुआ। शनिवार रात गरबे की ताल पर झूमते प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायक सुगंध गांधी और रवीना अग्रवाल की उपस्थिति में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में बेस्ट गरबा मेल का खिताब साहिल वाधवानी को मिला, वहीं बेस्ट गरबा फीमेल आलिया रामटेके रहीं। बेस्ट ड्रेसअप मेल यश मसंद और बेस्ट ड्रेसअप फीमेल करिश्मा तेजवानी बनीं। बच्चों की श्रेणी में बेस्ट गरबा किड शिव खंडेलवाल ने बाजी मारी। बेस्ट गरबा कपल का खिताब सौरभ गांधी और आकाशा गांधी ने जीता। गरबा स्टार कैटेगरी में जसपाल वाधवानी और सेजल लाहंगे को सम्मानित किया गया। वहीं स्माइल ऑफ द डे प्रिशा बजाज और फेस ऑफ द डे के खिताब राजवंश भाटिया (मेल) व निधि बगड़ी (फीमेल) ने अपने नाम किए। साथ ही तिलक भोजानी, दिशा राहुल, शुभम डागा, राही राजपूत, विकास जंघेल, सुरभी श्रीवास्तव, लवली होलानी, काश्वी साहू, आरव सदानी, राघव लोहिया को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया अवंत अग्रवाल और राहुल चोपड़ा ने बताया कि इस बार प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। हर वर्ग की श्रेणियों में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने शानदार प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

# कोतवाली थाने के वर्ष 1990 से रखे पुराने कागजातों को किया नष्ट



सीएसपी की उपस्थिति में पुराने रिकार्ड रजिस्टर एवं अपराध, मर्ग, गुम इंसान, आगजनी की डायरियों को किया आग के हवाले

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाने में रखे सन् 1990 से रखे पुराने फाइलों को अनुपयुक्त मानते हुए इसका विनिष्टीकरण किया गया। उक्त विनिष्टीकरण की कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक की उपस्थित में पुलिस लाईन के सुरक्षित एवं खुले स्थान पर किया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी नंद कुमार गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति वैषाली जैन (भापुसे) नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के थानों में रखे नष्टीकरण करने योग्य पुराने रिकार्डो का सूची बनाकर नष्टीकरण करने आदेशित किया गया। जिसके पालन में थाना सिटी कोतवाली में वर्ष 1990 से रखे नष्टीकरण करने योग्य एवं समयावधि पूर्ण हो चुके पुराने रिकार्ड, रजिस्टर, फाईल एवं फैसलाशुदा व खात्मा खारजी भेजे गये अपराध डायरी, नस्तीबद्ध फाईलशुदा मर्ग एवं गुम इंसान, आगजनी, गुम मवेशी की डायरियों एवं अन्य अनुपयोगी रिकार्ड रजिस्टरों का धारा 970 अभिलेखों का विलोपन, निरसन एवं पुलिस रेग्युलेशन के पैरा में दिये गये प्रावधानों के अनुसार सूचीबद्ध कर नगर पुलिस अधीक्षक से नष्टीकरण करने की अनुमति प्राप्त कर 28.सितंबर को पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक की उपस्थित में कुरूक्षेत्र स्थित पुलिस लाईन के खुले स्थान पर नष्टीकरण की कार्यवाही किया गया।

### आज दीपक बैज मां बम्लेश्वरी देवी के करेंगे दर्शन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आज 29 सितंबरको 12 बजे रायपुर से निकलकर दोपहर 2 बजे मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने डोंगरगढ़ पहुंचेगें। दर्शन उपरांत वे 4 बजे रायपुर प्रस्थान करेंगे।

# भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं पवन साय ने सुनी मन की बात

### जिला भाजपा कार्यालय में हुआ भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। आज जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 126वीं कड़ी का श्रवण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन सहायक मंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय विशेष रूप से उपस्थित थे। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज प्रदेश भाजपा के आत्मनिर्भर भारत के आव्हान का अनुसरण करते हुए मन की बात में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं से स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प पत्र भी भरवाया गया।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज सैंकडों की संख्या में पहुंचे सभी कार्यकताओं ने मोदी जी के संकल्प पत्र को भरकर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। राजपूत ने कहा कि इस समय देशभर में 'जीएसटी बचत उत्सव' मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जीएसटी दरों में हुई कटौती से लोगों को दैनिक जरूरतों की वस्तुओं से लेकर वाहनों, कृषि उपकरणों और मशीनों तक में बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हैं और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ही इस दिशा में स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के लिए संकल्प पत्र भी भरवा रहे है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन प्रभारी छत्तीसगढ़ अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, किरण वैष्णव, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सचिन बघेल, प्रदीप गांधी, भरत वर्मा, सुरेश एच.लाल, रूपचंद भीमनानी, राजा माखीजा, रवि सिन्हा, राधेश्याम गुप्ता, तरुण लहरवानी, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, रोहित चंद्राकर, अकरम कुरैशी, इरफान खान, शैंकी बग्गा, आकाश चोपड़ा, कचरू शर्मा, राजेश गुप्ता अग्रहरि कहानी, मधु बैद, आकाश चोपडा, मनोज निर्वाणी, गिन्नी चावला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नवरात्रि में हो रही मोटर सायकल चोरियां, लोगों में चोरों का भय व्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि के दिनों में मोटर सायकल चोरी की वारदात बढ़ गई है। शहर सहित जिले में खासकर नवरात्रि के दिनों मातारानी के दर्शन के लिए जाने वाले लोग मोटर सायकल चोरी की शिकार हो रहे हैं।

बता दें कि शहर की कोतवाली पुलिस ने महंगी सायकिलें चोरी करने वाले भिलाई के आरोपी को धर दबोचा है। उसके पास से चोरी की 4 सायकिलें बरामद की है। अब सुनने में आ रहा है कि चैनलों की नजर मोटर साइकिलों में बनी हुई है। इससे मोटर सायकल धारकों में चोरों का खौफ पैदा हो गया है।

### डोंगरगढ़ मेले से हुई बाईक चोरी

डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी मेले से बाइक चोरी होने की रिपोर्ट ग्राम ठाकुरटोला सेंदरी निवासी किसान ने थाने में दर्ज कराई है। बताया जाता है कि राकेश कुमार वर्मा अपनी पत्नी-बच्चों के साथ सीडी डिलक्स मोटर सायकल सीजी-08/जे 2922 में डोंगरगढ़ मेला घुमने आया था। दोपहर लगभग 3 बजे वाहन को मां बम्लेश्वरी हास्पीटल के सामने खड़ाकर परिवार सहित मीना बाजार घुमने चला गया। थोड़ी देर बाद जब साढ़े 4 बजे के करीब जब वापस आया तो गाड़ी मौके पर नहीं थी। आसपास तलाशने पर भी उसकी गाड़ी नहीं मिली। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उक्त चोरी गई मोटर साइकिल उसकु पिता दुर्गा राम वर्मा के नाम पर पंजीकृत हैं। पुलिस मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर अज्ञात चोर की पता साजी में जुट गई है।

### दुर्गा पंडाल दर्शन के दौरान बाइक चोरी

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीपुर आंबेडकर चौक निवासी उदित जगने ने अपनी एक्टिवा स्कूटी चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गुरुवार 25 सितंबर की रात तकरीबन साढ़े 10 बजे वह अपने दोस्तों प्रवीण और जितेन्द्र के साथ स्कूटी एक्टीवा सीजी 08 ए एस 0942 से रामनगर के दुर्गा पंडाल में देवी दर्शन करने गया हुआ था। स्कूटी को वह नारायण वकील के घर के बगल में खड़ा कर दर्शन के लिए वह पंडाल में चला गया। जब रात में एक बजे लौटा तो उसकी स्कूटी वहां पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसकी स्कूटी नहीं मिली। उक्त स्कूटी चोरी की घटना के संबंध में कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दिया गया है।

# सांसद संतोष पाण्डे ने ईपीएस-95 पेंशनरों का मनोबल बढ़ाया



ईपीएस-95 पेंशनर्स की न्यूनतम मासिक पेंशन में वृद्धि के लिये तय की गई रणनीति

राजनांदगांव (दावा)। ईपीएस 95 पेंशन में बढ़ोतरी के लिए संघर्षरत राष्ट्रीय संघर्ष समिति/एनएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत के आव्हान पर पूरे देश में न्यूनतम मासिक पेंशन रुपये 1000 रु. से 7500 रु. (सह महंगाई भत्ता) के लिए संगठित आंदोलन के माध्यम से केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए रणनीति तय करने एवं धरना प्रदर्शन, आमरण अनशन, रैली व जुलूस के आयोजन के परिपेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में रखी गई, जिससे राजनांदगॉव सांसद संतोष पांडे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सभा का मनोबल बढ़ाया।

महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिन्हा व सचिव श्रीमती जैना बाई ने सांसद का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर सी.के. देशमुख, सूरजभान देवांगन, जेड रहमान, जयनारायण सिंह, मोहम्मद यूसुफ, सुनील वाजपेई, आर.के. वर्मा, अजय शुक्ला, बीएम विश्वकर्मा, रियाज अहमद, पिल्लई, घनश्याम, निर्मल कुमार, वफीद खान यासिनी आदि पेंशनर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के सचिव मोहम्मद फारुख ने ईपीएस-95 पेंशन पर विस्तार से तथ्यों के साथ अपने विचार व्यक्त किये, एजाजुर रहमान, संतोष पिल्लई, केन्द्रीय सहकारी बैंक के राजेश साहू, अध्यक्ष आर.के. वर्मा ने भी बारी-बारी से सभा को संबोधित किया। सांसद संतोष पांडेय ने अपनी भूमिका व विचारों से अवगत कराते हुए पेंशनर्स को हरसंभव सहयोग एवं सहभागिता प्रदान करने के लिये प्रतिबद्धता प्रकट की। उपस्थितजनों द्वारा सांसद श्री पाण्डे को प्रधानमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष सिद्दीकी के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन व ईपीएफओ आयुक्त को ज्ञापन देने के लिए रायपुर जाने की रूपरेखा तय की गई। बस से रायपुर जाने के स्थान पर अपने अपने साधनों से यात्रा करने या पेंशन कार्यालय रायपुर पहुंचने के लिए निर्देश दिया गया।

### हेलचंद साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। रींवागहन निवासी हेलचंद साहू का निधन 21 सितंबर को हो गया है। ग्रामीणों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# शांतिनगर में नवरात्र दुर्गा पूजा की बह रही बयार



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार इलाका शांति नगर में इन दिनों नवरात्र दुर्गा पूजा की बयार बह रही है। वार्डवासी माता रानी की पूजा भक्ति में झूम रहे हैं। इससे वहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। लोग पांच शेर के मुखड़े वाले आकर्षक आर्च के बीच शोभायमान हो रही मां दुर्गा, अंबे मां, सरस्वती के मनोहारी स्वरूप का दर्शन करने बड़ी संख्या में पधार रहे हैं। शांतिनगर की गालियां और लोगों के घरों का आंगन नवरात्रि में पक्ष रंग-बिरंगी विद्युत झालरों व दीयों की रौशनी से जगमगा रहा है। शांति नगर के निवासी भक्तजन नवरात्रि पर्व को दीपावली के त्योहार जैसे मना रहे हैं।

बता दें कि शांति नगर की न्यू साई सरस्वती उत्सव समिति के द्वारा एक संस्था के रूप में 15 वर्षों से माता की सेवा करती आ रही है। क्वांर नवरात्रि के अवसर पर यहां भारत माता के स्वरूप में सरस्वती माता की मूर्ति विराजित की जाती है, जो प्रथम दिन माता की सेवा अर्चना कर भक्ति भावना के साथ 9 दिन विभिन्न कार्यक्रम और सेवा कराया जाता है। जिसमें पंचमी के दिन माता के दरबार में समिति के सदस्यों के द्वारा प्रसादी वितरण किया जाता है। जिसमें छठवीं दिन पोहा वितरण किया गया है एवं अष्टमी के पूरे विधि-विधान के साथ हवन किया जाता है और श्याम को खीर पूड़ी वितरण किया जाना है। जिसमें सभी जिसमें समिति के सदस्य और मोहल्ले वाशियो का सहयोग भरपुर रहता है। न्यू साई सरस्वती उत्सव समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा है। जिसमें निरंजन पासवान, सूरज पासवान, नवीन गणवीर, संतोष मंडल, संतोष बंजारे, जितेंद्र मेश्राम, अरविंद वर्मा, श्रीकांत पासवान, शेखर पासवान, लोकेश रजक, सुनील हुकरे, बबलू, मुरली, दुष्यंत, स्व. राहुल, मुनील अजित सुमित, राजकुमार मुनेश, अश्वनी, विकास, अरविंद पासवान एवं समस्त समिति सदस्यों की बड़ी संख्या में वार्डवासी भी कार्यकम में उपस्थित रहे।







पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, खैरागढ़
जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, (छ.ग.) 491881

PM SHRI

चल - साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में सत्र 2025.26 के लिए वोकेशनल प्रशिक्षक के पद पर पूर्णतः अस्थाई/संविदा/अंशकालिक (PART-TIME CONTRACTUAL) आधार पर चयन सूची (पैनल) तैयार करने हेतु साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 08.10.2025 को प्रातः 8 बजे से विद्यालय परिसर में किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों, उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों तथा एक नवीनतम पासपोर्ट आकार के छायाचित्र सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित हों।

शैक्षणिक योग्यता :- B.E., B.Tech./M.Tech. ( Electronic and Communication Engineering)
अनुभव : - एक साल (कम से कम)
मानदेय : - रू. 25000 प्रति माह.

नोट :-
1. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का पंजीकरण दिनांक 08.10.2025 को प्रातः 08:00 बजे से 9:30 बजे तक ही किया जाएगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो विद्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।
3. साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
4. उपरोक्त पद के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 से 65 वर्ष होगी।
5. तैयार पैनल के अभ्यर्थी रिक्तियां होनेपर आवश्यकतानुसार सत्र 2025. 26 में सेवा हेतु बुलाए जा सकेंगे।
6. यह पद संविदा/अंशकालिक आधार पर है, अतः नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।

प्राचार्य

# रायपुर में एक और माओवादी गिरफ्तार, जंगलों से निकलकर शहर में पसार रहे पांव, सोने का बिस्किट और नकद बरामद



रायपुर(दावा)। रायपुर से कोरबा से रामा किचाम नामक माओवादी को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से सोने के बिस्कुट और नकदी भी मिली है। हाल ही में शहरी क्षेत्र से माओवादी के पकड़े जाने की यह दूसरी घटना है। पिछले दिनों रायपुर से 13 लाख के इनामी माओवादी दंपती को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार दंपती से पूछताछ में पता चला है कि उनका काम शीर्ष माओवादियों के लिए शहरी क्षेत्रों में छिपने के लिए ठिकाने की तलाश करना था।

बस्तर में माओवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही अब सरकार की शहरी माओवादियों पर नजर है। अब तक रायपुर, राजनांदगांव, गरियाबंद, कोरबा, नारायणपुर जिले में माओवादियों के शहरी संपर्क सूत्र का राजफाश हो चुका है। मामले में कुछ स्थानीय कारोबारी, सरकारी कर्मचारी और एक पूर्व भाजपा नेता की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

बीते वर्षों में पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियों की कार्रवाई में यह सामने आया है कि जंगलों से निकलकर माओवादी शहरी क्षेत्रों में पांव पसारने की कोशिश कर रहे है। शहरी माओवादी नेटवर्क सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बनी हुई है। यहीं वजह है कि राज्य सरकार ने शहरी माओवाद के खात्मे को लेकर एक समन्वित रणनीति बनाई है। खुफिया तंत्र को मजबूत किया जा रहा है और साइबर मानिटरिंग के जरिए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। विश्वविद्यालयों, सामाजिक संगठनों और एनजीओ पर भी निगरानी तेज की गई है, ताकि माओवादी विचारधारा का प्रचार रोककर युवाओं को भ्रमित होने से बचाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बस्तर की तरह शहरी माओवाद पर भी जल्द काबू पा लिया जाएगा।

# सेवा पखवाड़ा का शानदार आयोजन सात सौ से अधिक दिव्यांगजन वरिष्ठ नागरिक हुए लाभान्वित





राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ शासन समाज कल्याण विभाग के दिशा निर्देशन में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाडा का आयोजन जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत पूर्व में 20 सितम्बर को डोंगरगढ ब्लाक के लाल बहादूर नगर, 26 सितम्बर को डोंगरगांव, 27 सितम्बर को छुरिया और आज 28 सितम्बर 2025 को राजनांदगांव ब्लाक के अन्तर्गत शहर के हृदय स्थल म्यूनिस्पल स्कूल स्थित गांधी सभा गृह में सेवा पखवाडा के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए सांस्कृतिक कार्यकम पुरस्कार वितरण उपकरण वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिले सहित शहर व राजनांदगांव जनपद के सात सौ से अधिक दिव्यांग व वृद्धजन लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, के मुख्य आतिथ्य सहित जिला पंचायत के सभापति श्रीमती जागृति साहू, देवकुमारी साहू किरण बारले पूर्व जनपद सदस्य मीना पुरेरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम के पार्षद व चेयरमेन स्वास्थ्य विभाग शेंकी बग्गा, श्रीमती नियामत हुद्दा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्व प्रथम वरिष्ठ नागरिक के रूप में भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में लाभान्वित वृद्धजनों का सम्मान तिलक लगाकर पुष्पहार पहना कर व अंग वस्त्र भेंटकर किया गया ।

दिव्यांग शालेय बच्चों, आस्था अभिलाषा मनोकामना एवं शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष बच्चों के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुती नें खूब तालियाँ बटोरी और अपने प्रस्तुती के माध्यम से नशामुक्ति, स्वच्छता अभियान, नारि शक्ति, पर आधारित एक से बढ़ कर एक प्रस्तुती दी समस्त प्रस्तुती ने जन समुदाय का दिल जीत लिया, एकल व समूह नृत्य में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के माध्यम से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानीत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी कडी में नगर की दिव्यांगजनों के लिए दीर्घकालीन सेवा भावना के लिए अभिलाषा संस्था के सचिव सी.ए.रूपम सोनछत्रा, आस्था के संस्थापक अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं वर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र सुराना, मनोकामना मनोविकास शाला के संस्थापक अध्यक्ष रत्ना ओस्तवाल प्रतिनिधि, भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के संस्थापक गौतम पारख प्रतिनिधि एवं नगर में संचालित समता जन कल्याण के निदेशक एवं तृतीय लिंग के लिए सक्रियता से कार्यरत श्री शिशुपाल खोब्रागढे जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पूर्व में खेल कूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह वप्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए उपकरण वितरण के साथ-साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र नवीनी करण, यूडीआईडी, बस पास आदि भी बनाया गया। स्वागत् उद्बोधन में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार के द्वारा सेवा पखवाडा के दौरान किए जा रहे कार्यों की विस्तार पूर्ण जानकारी देते हुए आयोजन की सफलता के लिए टीम वर्क का महत्वपूर्ण योगदान बताया उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मेरे लिए नवीन जिला है पर मुझे इस जिले में जिला अधिकारी जन प्रतिनिधियों, समाज सेवी साथियों, मिडिया के साथियों का भरपूर सहयोग मिला जिससे कारण ही हम पाँच बडी शिविरों का सफलता पूर्वक आयोजन कर सके हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिह ने सेवा पखवाडा के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग व बुजुर्ग जनों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। श्रीमती किरण वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने उद्बोधन में इस तरह की शिविरों का समय समय पर आयोजन कराते रहने की बात कहते हुए कहा मि हम अपने प्रधान मंत्री जी के भावना का सम्मान करते हैं, समाज कल्याण विभाग को कार्यकम की सराहना की।

कार्यक्रम का रोचक और कुशल संचालन आस्था के संयुक्त सचिव एवं मिडिया प्रभारी सुश्री निखत परवीन खान द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विभाग के बालकृष्ण बघेल द्वारा किया गया ।

आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के जज के रूप में अभिलाषा संस्था की सचिव एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट श्रीमती रूपम सोनछत्रा, सर्व शिक्षा अभियान के बीआरपी श्रीमती देवकी सिंह रेड्डी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य परिक्षण में डॉ. महाकालकर सहित उनकी टीम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा दिया गया।

## संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में झूमे अभिभावक और छात्र ; गरबा उत्सव ने मोहा सबक मन



राजनांदगांव (दावा)। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि के पावन व शुभ अवसर पर भक्ति, उल्लास और संस्कृत के अद्भुत समागम गरबा महोत्सव का साक्षी बना। इस भव्य आयोजन की शुरुआत माँ अम्बे की भव्य आरती के साथ हुई। जिससे पूरे वातावरण में एक आध्यात्मिक और पवित्र ऊर्जा का संचार हो गया। आरती के पश्चात विद्यालय के अभिभावकों और छात्रों ने पारंपरिक गरबा की लयबद्ध धुन पर कदमताल करते हुए पूरे परिसर को एक जीवंत रंगमंच में बदल दिया।

इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा नवरात्रि पर्व हमें शक्ति, एकता और उल्लास का संदेश देता है। माँ अम्बे की आरती के साथ इस उत्सव की शुरुआत करना हमारी संस्कृति के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाता है। यह गरबा महोत्सव केवल नृत्य का आयोजन नहीं है, बल्कि हमारे विद्यालय परिवार-छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच के गहरे बंधन और तालमेल को दर्शाने वाला एक मंच है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और प्रदर्शन के लिए बधाई देती हूँ और कामना करती हूँ कि यह एकता सदैव बनी रहे। उत्सव में संस्था के गणमान्य प्रबंधकगण उपस्थित रहे। जिनमें अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव अतुल देशलहरा, प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी, अशोक पारख, और विकास जोशी शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

इस उत्साहपूर्ण शाम में, प्रतिभागियों की कला और समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ नर्तक श्रीमती वंदना राभा व खिलेन्द्र चौहान, सर्वश्रेष्ठ युगल विक्रम सिंह व श्रीमती श्रद्धा सिंह, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा श्रीमती इंदिरा दशहरिया, विशेष पुरस्कार सुश्री माही ठाकुर को प्राप्त हुआ। विद्यालय प्रबंधन का लक्ष्य इस आयोजन के माध्यम से सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारना और एकता तथा सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और विजेताओं के समर्पण और प्रतिभा की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसने इस शाम को राजनांदगांव के संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के लिए एक यादगार और सफल आयोजन बना दिया।

# लायंस गरबा उत्सव में पधारे प्रसिद्ध समाजसेवी बल्देव सिंह भाटिया, गरबा उत्सव में बिखरा इंद्रधनुषी रंग



राजनांदगांव (दावा)। शहर में लायन्स क्लब राजनांदगांव सिटी का गरबा उत्सव जमकर रंग बिखेर रहा है। बरसते पानी में भी लोग गायत्री विद्यापीठ परिसर के भव्य शेड नीचे मातारानी की शान में खुलकर गरबा खेल रहे हैं। नवरात्रि षष्ठमी के लायंस क्लब के आयोजन में सुप्रसिद्ध समाजसेवी बल्देव सिंह भाटिया व सीआरसी की स्मिता महोबिया ने शिरकत कर गरबा को नया रंग व नई ऊंचाईयां दी। इस अवसर पर श्री भाटिया ने लायंस के आशीर्वादक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उमेद कोठारी श्रीमती शारदा तिवारी, मनजीत जज सहित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, गरबा उत्सव के चेयरमैन राजा माखीजा, संयोजक बृजकिशोर सुरजन, अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, सचिव मयंक शर्मा, नेहा गुप्ता, राजकुमार शर्मा, बागेश्वर धाम के आशीष गुप्ता, विहिप के योगेश बागड़ी आदि के साथ मातारानी की पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर रंगा-रंग गरबा उत्सव की शुरुआत की।

### गरबा के बिखरे इंद्रधनुषी रंग

लायंस के गरबा उत्सव में कस्तूरबा महिला मंडल की श्रीमती साधना तिवारी, आशा गुप्ता, अर्चना दास सहित अलका सुरजन, आरुषि गुप्ता व गौड़ समाज की महिलाओं का सहयोग बना रहा। इस दौरान पानी की रिमझिम फुहारों के बीच बड़ी संख्या में उपस्थित गरबा प्रेमियों ने आधुनिक साउंड सिस्टम के सुमधुर म्यूजिक के बीच अतिथियों सहित उपस्थित थे। एरिना में उपस्थित बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने जमकर गरबा खेला और ऐसा इंद्रधनुषी रंग बिखेरे कि लोग वाह-वाह कर उठे। प्रसिद्ध समाजसेवी श्री भाटिया ने लायंस के इस भव्य गरबा उत्सव की खुले दिल से तारीफ की।

बता दें कि नवरात्रि के प्रथम दिन से आयोजित लायंस के गरबा उत्सव में रोजाना सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ रही है और डिजिटल लाइटिंग की चकाचौंध व आधुनिक म्यूजिक की स्वर लहरियों के ताल में ताल मिलाते हुए सैकड़ों की संख्या में बीच गरबा प्रेमी सुध-बुध खोकर थिरक रहे हैं और नृत्य के माध्यम से मातारानी के प्रति अपनी आस्था को प्रकट कर रहे है।

**○ अंबिकापुर की स्तुति जायसवाल ने बांधा समां**
**○ श्री भाटिया सहित बागेश्वर धाम के आशीष गुप्ता व योगेश बागड़ी ने की पूजा अर्चना, गरबा के उत्साह उल्लास में डूबे अतिथि**

### श्रेष्ठ गरबा प्रदर्शनों से जीते इनाम

लायंस गरबा उत्सव 2025 के चेयरमैन राजा माखीजा व संयोजक बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि 28 सितंबर को लायंस क्लब गरबा उत्सव की थीम पंजाबी पटियाला पर आधारित रही। इसमें बेस्ट ड्रेस अप के लिए किड के लिए आयुष अग्रवाल, वहीं बेस्ट ड्रेस अप फिमेल में लक्ष्मी साहू तथा मेल में दिव्यांश साहू को इनाम से नवाजा गया। इसी तरह परफेक्ट परफार्मेंस में रोशनी रायता, बेस्ट एक्सप्रेसन में सुनैना साहू, बेस्ट गरबा किड् में आद्या साहू व बेस्ट गरबा फिमेल रानी गुप्ता व मेल में दीपक सोनी मुख्य विजेता रहे।

लायंस के इस पंजाबी थीम वाले गरबा उत्सव के होती कुड़ी में कनक चौरसिया, सोचा मुंडा में कमल सिंन्हा, जोरदार परफार्मेंस में अरुण छाबलानी व गबरु मुंडा परफार्मेंस में त्रिलोक यदुवंशी अव्वल रहे। इन सभी बेस्ट परफामर्स को निपोन पेंट की ओर से प्राइज दिया गया। इसके अतिरिक्त लायंस क्लब की ओर से बेस्ट गरबा किड में मनवीर सिह अरोरा, बेस्ट गरबा फिमेल में पांखुड़ी टांक व बेस्ट गरबा मेल के लिए विनायक गुप्ता को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के ला. गणेश पवार, मुकेश चौबे, तरणदीप अरोरा, मानव देशमुख, शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल, सुरेश शर्मा, श्रीमती कंचन चौबे, रणदीप सिंह भाटिया, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा आदि सहित बड़ी संख्या में गरबा प्रेमीजन उपस्थित थे।

## सीजी कबड्डी प्रीमियर लीग के लिए राजनांदगांव में सफल ट्रायल, एमपी के खिलाड़ियों ने भी लिया हिस्सा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी के पेशेवर भविष्य को संवारने के उद्देश्य से आयोजित सीजी कबड्डी प्रीमियर लीग (सीजीकेपीएल) के लिए टीम चयन ट्रायल का आयोजन आज कमला कॉलेज मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ट्रायल में छत्तीसगढ़ के 6 जिलों के साथ-साथ सीमावर्ती मध्य प्रदेश (एमपी) के बालाघाट, जबलपुर और सिवनी जैसे जिलों के खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### चयन और आगामी प्रक्रिया

ट्रायल के बाद खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन कर लिया गया है। अब ये चयनित खिलाड़ी टीम फ्रेंचाइजियों के सामने होंगे। जो अपनी पसंद से उन्हें अपनी-अपनी टीम में शामिल करेंगे। यह लीग खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।

सीजी कबड्डी प्रीमियर लीग का मुख्य लक्ष्य युवा खिलाड़ियों का आत्मबल बढ़ाना। उन्हें पेशेवर खेल में हिस्सा लेने के लिए तैयार करना और सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान करना है। प्रत्येक चयनित खिलाड़ी को न्यूनतम 5,000 से 15,000 रूपए तक की राशि सुनिश्चित रूप से प्राप्त होगी। टीमों के फ्रेंचाइजियों के बीच खिलाड़ियों को लेकर प्रतिस्पर्धा होने पर यह प्राइस मनी बढ़ भी सकती है। पिछले वर्ष कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को 50,000 से 75,000 रूपए तक की बड़ी राशि मिली थी।

### लीग का ढांचा

छत्तीसगढ़ प्रदेश को 6 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, और हर सेक्टर से एक टीम लीग में हिस्सा लेगी। राजनांदगांव 6 जिलों और मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलाकर बनाए गए एक महत्वपूर्ण सेक्टर का केंद्र है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कबड्डी संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी ने ट्रायल की सफलता पर सभी खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों और रेफरी को बधाई दी। इस चयन प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजनांदगांव जिला कबड्डी संघ के सदस्यों जिसमें ललित साहू, तीरथ गोस्वामी, महेश साहू, हरीश साहू, तुलसी मांडवी और लखन कुमरे का अथक प्रयास सराहनीय रहा। यह प्रीमियर लीग छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के कबड्डी खिलाड़ियों के लिए एक नया द्वार खोलेगी। जिससे उन्हें खेल में पहचान के साथ-साथ आर्थिक स्थिरता भी मिल सकेगी।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां महाकाली का भव्य श्रृंगार, 56 छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से भोग अर्पित



राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड नंबर 1 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

नवरात्र के पंचमी के शुभ अवसर पर मां महाकाली का विशेष मनोरम श्रृंगार किया गया। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। माता को इस अवसर पर 56 प्रकार के पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। मंदिर में आयोजित महाआरती के बाद जस जगराता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। भक्तगण देर रात तक माता के भजनों में झूमते रहे। शक्तिधाम महाकाली मंदिर के प्रमुख गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष नवरात्र महोत्सव में श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। आज के दिन भक्तों की आम दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ रही। मंदिर समिति के सदस्यों के साथ दर्शक भी स्वेच्छा से पकवान अर्पित करते नजर आए।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अखिलेश बंजारा ने बताया कि आगामी अष्टमी तिथि को सर्व व्याधि निवारण हेतु उड्डीस तंत्र के तहत 21 साधकों द्वारा अभिमंत्रित धूप निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही निःसंतान दंपतियों के लिए माता की अर्जी, श्रीफल व अभिमंत्रित औषधि भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी। अभिमंत्रित धूप एवं औषधि के लिए नामांकन 29 सितंबर की रात 8 बजे तक अनिवार्य है। शक्तिधाम महाकाली मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही है। पंचमी के दिन मां महाकाली के भव्य श्रृंगार और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के भोग ने भक्तों के दिलों को भक्तिमय बना दिया।

## विचाराधीन बंदियों को दी गई विधिक जानकारी

खैरागढ़ (दावा)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार सचिव निलेश जगदल्ला और तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ द्वारा आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन उप जेल खैरागढ़ में किया गया। जहां जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मोहनी कंवर द्वारा उपजेल में रह रहे विचाराधीन बंदियों को प्ली बारगेनिंग के संबंध में बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया। ऐसा अपराध जिसकी सजा 7 साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है। वह अपनी सजा कम करने के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सजा में सौदेबाजी कर सकता है। छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते हैं। अगर कोई आरोपी अपनी गलती स्वीकार करता है तो उसे कम सजा दी जाती है। लेकिन प्ली बारगेनिंग का लाभ किसी भी विचाराधीन आरोपी को एक बार ही मिल सकता है। आगे एनडीपीएस एक्ट के संबंध में बताया गया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट या एनडीपीएस अधिनियम नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों के भंडारण, उपभोग, परिवहन, खेती, कब्ज़ा, बिक्री, खरीद और विनिर्माण को विनियमित करने के लिए एक व्यापक कानून है। आगे जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास आकांक्षा खलखो ने निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता के संबंध में बताया कि यह कानून निःशुल्क विधिक सहायता को मूर्तरूप देता है। यह कानून वैसे व्यक्ति जो निर्धनता या जाति, पंथ या लिंग संबंधी संवेदनशीलता के कारण कोई मामला दर्ज करने या मामले का बचाव करने के लिए एक वकील की सेवा लेने में समर्थ नहीं हैं को कानूनी सहायता प्रदान करता है, ताकि न्यायालय में उन्हें भी वकील की सेवा मिल सके।

जो विचाराधीन बंदी अपने वेयर से अधिवक्ता नियुक्त करने में समर्थ नहीं हैं। वह अपना एक आवेदन ताल्लुक विधिक सेवा समिति में द्वारा जेल अधीक्षक के माध्यम से समिति में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जहां से आप को आप के केस में पैरवी करने हेतु अधिवक्ता निःशुल्क नियुक्त किया जाता है। जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास आकांक्षा खलखो ने विचाराधीन बंदियों के अधिकारों के बारे में बताया कि कानून के मुताबिक किसी भी शख्स को तब तक गुनाहगार नहीं माना जा सकता, जब तक कि कोर्ट आरोपी को दोषी नहीं मानता। जब भी किसी शख्स के खिलाफ कोई आरोप लगाया जाता है, तो वह आरोपी होता है और जब उक्त शख्स का केस अदालत के सामने आता है तब उसका यह संवैधानिक अधिकार है कि उसे अपने बचाव का मौका मिले।

# नेता तो बदनाम हैं, न्याय पालिका को बदनामी से बचना चाहिए- राज्यपाल रमन डेका



रायपुर (दावा)। राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को कहा कि न्याय के लिए लड़ने वाला व्यक्ति महत्वपूर्ण है। अभी न्याय बहुत देर से मिलता है। देर से मिलने वाला न्याय अन्याय के सामान है। लोगों की निगाह न्यायपालिका पर है। न्यायपालिका को बदनामी से बचना चाहिए। नेता लोग तो बदनाम हैं ही।

राज्यपाल डेका हाईकोर्ट बिलासपुर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बिलासपुर में आयोजित रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे । डेका ने कहा कि न्यायालय की बिल्डिंग नहीं बल्कि मिलने वाला न्याय महत्वपूर्ण है। अभी मीडिया ट्रायल बढ़ गया है। बेल के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ता है। न्याय सिर्फ समर्थवान के लिए नहीं बल्कि सबके लिए हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अपनी स्थापना से अब तक संविधान के व्याख्याकार, नागरिक अधिकारों के संरक्षक और न्याय के प्रहरी के रूप में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने लोक अदालतों के जरिए लंबित मामलों के त्वरित निपटारे की सराहना की। उन्होंने प्रथम मुख्य न्यायाधीश डब्ल्यूए शिशाक और उनके उत्तराधिकारियों को याद करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं और कर्मचारियों की निष्ठा ने न्यायालय की गरिमा को ऊंचा किया है। पर्यावरण, आदिवासी अधिकार, सामाजिक न्याय और सुशासन पर दिए गए फैसलों ने हाईकोर्ट को नई पहचान दिलाई है।

### न्याय पालिका पर विश्वास सर्वोच्च ध्येय - जस्टिस माहेश्वरी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आम नागरिक कोर्ट के दरवाजे पर विश्वास के साथ आता है और इसी भावना के साथ न्यायपालिका को काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों के लिए न्यायपालिका को विजन बनाना चाहिए, ताकि न्याय अंतिम पायदान तक पहुंच सके।

### यह अवसर सभी के लिए गौरव भरा क्षण - सीजे रमेश सिन्हा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि रजत जयंती का यह अवसर हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। पिछले 25 वर्षों में न्यायालय ने विधि के शासन को स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

### समय पर न्याय दिलाने को कटिबद्ध - मुख्यमंत्री साय



इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष के साथ ही हाई कोर्ट और विधानसभा भी अपनी रजत जयंती मना रहे हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदृष्टि से ही राज्य और हाई कोर्ट की स्थापना संभव हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर और संसाधनों की उपलब्धता के साथ समय पर न्याय दिलाने को कटिबद्ध है। इसी दिशा में विधि विभाग का बजट लगातार बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट से कई न्यायाधीश जैसे जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस नवीन सिन्हा, जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस भूपेश गुप्ता और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू नई भारतीय न्याय संहिता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय पर केंद्रित है।

# मां बम्लेश्वरी दर्शन हेतु निकाली गई पदयात्रा जन-जन के कल्याण की भावना से ओतप्रोत है - सरस्वती बंजारे

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में प्रारंभ हुई ऐतिहासिक शक्ति संकल्प पदयात्रा पंचमी के पावन दिन माँ बम्लेश्वरी धाम, डोंगरगढ़ पहुँचकर सम्पन्न हुई। श्रीमती सरस्वती बंजारे के साथ पदयात्रा में उनके पति सत्यप्रकाश बंजारे एवं जनप्रतिनिधि, अनिकेत बंजारे, सरपंच संघ अध्यक्ष धमधा दामिनी साहू, भाजयुमो नेता अनूप राय, सुभाष डहरे तथा होरीलाल जनप्रतिनिधि रिंकी यादव, जनप्रतिनिधि शकुन यादव, बागेश्वरी सोरी, संध्या राजपूत, एकता साहू, सोनिया साहू, परमेश्वरी साहू, ज्योति साहू, रेणुका जोशी, भूमि भारती भूमिका साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग सरस्वती बंजारे का जन-जन के कल्याण की भावना से ओतप्रोत यह पदयात्रा बम्लेश्वरी माता रानी के दर्शन कर संकल्प पूर्ण हुआ और सभी श्रद्धालुओं को माँ का अपार आशीर्वाद प्राप्त हुआ।विगत दिनों जामुल दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना और नारी शक्ति, शिक्षा तथा संस्कृति संरक्षण का संदेश देना रहा है। यात्रा के दौरान बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ -शिक्षा से शक्ति, महिला सशक्तिकरण सम्मान से सशक्तिकरण एवं सनातन संस्कृति का संरक्षण संस्कृति से समृद्धि का संदेश श्रीमती सरस्वती बंजारे द्वारा पदयात्रा के दौरान दिया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग श्रीमती सरस्वती बंजारे को



जामुल से डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी माता मंदिर तक 100 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं का अपार सहयोग, आशीर्वाद और स्नेह मिला रास्ते मे अनेक स्थानों पर लोगो ने सभी पदयात्रियों का स्वागत व अभिनंदन किया।डोंगरगढ़ पहुँचने पर माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। माता रानी के चरणों में कार्ड अर्पित कर सभी ने संकल्प की सफलता के लिए नमन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हरविंदर सिंह मंगे, प्रिंस कक्कड़ (पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा), परविंदर सिंह मोंटी (पूर्व सांसद प्रतिनिधि), मनोज अग्रवाल (अध्यक्ष माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़), संतोष राव, अमनदीप भाटिया, जैकलिन डेविड, प्रमोद कुमार, जयेश ठाकुर (जिला मंत्री भाजपा बालोद), प्रिंस गुप्ता (उपाध्यक्ष युवामोर्चा) उपस्थित रहे। साथ ही यात्रा के दौरान अध्यक्ष, नागरिक आपूर्ति निगम छत्तीसगढ़ आयोग संजय श्रीवास्तव से भी भेंट हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग श्रीमती सरस्वती बंजारे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की पंचमी के इस पावन दिन माता रानी के दर्शन कर संकल्प पूर्ण हुआ। यह मेरी पहली यात्रा थी और माँ की कृपा तथा समाज के अपार सहयोग से आत्मीयता और भव्यता के साथ यह पदयात्रा सम्पन्न हुई है। यह क्षण मेरे जीवन का अविस्मरणीय अनुभव है।माँ बम्लेश्वरी के जयकारों से गूँजते वातावरण में यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में नारी सम्मान, शिक्षा और संस्कृति संरक्षण का संदेश बनकर क्षेत्रवासियों के हृदय को स्पर्श कर गई। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन धर्म की हजारों वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जामुल से बम्लेश्वरी तक 100 किलोमीटर पदयात्रा करने के इस संकल्प के पीछे छत्तीसगढ़ की सुख, शांति और समृद्धि की कामना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पावन पदयात्रा माँ बम्लेश्वरी की कृपा से संकल्प से सिद्धि तक की राह प्रशस्त करेगी। सरस्वती बंजारे ने कहा कि यह प्रेरणादायी पहल उनका यह संकल्प केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि जन-जन के कल्याण की भावना से ओतप्रोत है। सनातन धर्म की भावना 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की है, जहां व्यक्ति स्वयं के लिए नहीं, समाज के लिए साधना करता है। यह पदयात्रा उसी भाव की झलक है।

# भूपेश बघेल का तुमड़ीबोड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का तुमड़ीबोड़ में कांग्रेसजनों ने जोरदार और भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल की डोंगरगढ़ यात्रा की सफलता की कामना करते हुए बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। स्वागत कार्यक्रम में तुमड़ीबोड़ मंडल कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष हेमसिंग साहू ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में किसान कांग्रेस की मीडिया प्रभारी गौतम वर्मा, सेक्टर प्रभारी एवं सरपंच भुवाल साहू, उपसरपंच राहुल देसलहरे, भुवाल निषाद, केशव दास, वासु साहू, राजू निषाद, मुकेश साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर विशेष रूप से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व एआईसीसी मेंबर क्रांति बंजारे, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सरिता साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत पिंटू, जिला महामंत्री पंकज बाधव, डोगरगांव के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बोरकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, प्रेमकुमार महिलांगे, खोमन साहू, बूथ प्रभारी लुकेश्वर वर्मा, लीलाधर वर्मा, चितेश साहू, सोनू राम, सेक्टर प्रभारी गोवर्धन वर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। भूपेश बघेल के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। जगह-जगह पर कांग्रेसजन स्वागत के लिए खड़े नजर आए। आतिश बाजी और नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भूपेश बघेल ने किसानों, गरीबों और आम जनता के लिए हमेशा संघर्ष किया है। उनकी अगुवाई में प्रदेश में विकास और जनकल्याण के कार्य हुए हैं। डोंगरगढ़ यात्रा भी जनसमर्थन और आशीर्वाद से सफल होगी।

## पहला कॉलम...

### सुरगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 35 लोगों ने किया रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी मे रक्तदान शिविर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव एवं लाईफ लाईन ब्लड सेंटर राजनांदगांव तथा राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर मे लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर 35 लोगों के द्वारा रक्त दान दिया गया। रक्तदान देने वाले के हेलमेट, प्रमाण पत्र वितरण डॉ. श्वेता बंसोड, डॉ. तिजेन्द्र वर्मा, लीलाधर साहू, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, शिविर के सफल बनाने में मेघनाथ भूआर्य, हेमंत ठाकुर, आर बाजपेयी, विनय राजपूत, दीपचंद साहू, जयकुमार राय, यश साहू, बेबी शशी मेश्राम, यामिनी देशमुख, प्रीतम ठाकुर, आर कोर्याम, संतोष गोसाई आदि ने अपनी सेवाएं दी।

### अवैध रूप से गांजा बिक्री करते आरोपी हीरा से 1 किग्रा गांजा जब्त




खैरागढ़ (दावा)। जिला केसीजी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार 27 सितंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिए पिपरिया बायपास पर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए खैरागढ़ पुलिस टीम द्वारा पिपरिया बाईपास रोड पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान हीरा देवार पिता सतीश देवार निवासी देवारपारा खैरागढ़ को पकड़ा गया। तलाशी में उसके कब्जे से 1 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा (अनुमानित कीमत 12,000 रूपये) विधिवत कार्यवाही उपरांत जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पार्किंग व्यवस्था को लेकर नाराज शहरवासी, क्या हर नागरिक की पहुँच में वाहन पास है



डोंगरगढ़ (दावा)। पार्किंग व्यवस्था को लेकर नाराज शहरवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।नवरात्रि पर्व के दौरान जिस तरह का आतंक पार्किंग वालों के द्वारा मचाया जा रहा है उससे डोंगरगढ़ का आम नागरिक भी अछूता नहीं है।आतंक का पर्याय ये है की गुरुद्वारा की भूमि पर लगी पार्किंग का और अग्रसेन चौक के सामने की पार्किंग के ठेकेदार द्वारा आने जाने वालों से हमेशा गाली-गलौज और मारपीट की बात करते हुए शहर में जाने के लिए वाहन पास की माँग करते है और साथ में खड़े पुलिस के जवान और अधिकारी भी उन के सुर में सुर मिलाते है। नाराज शहर वासियों का कहना है कि, हर रोज़ डोंगरगढ़ से बाहर आने जाने वाले लोगों द्वारा आधार कार्ड बताने पर भी पार्किंग ठेकेदार द्वारा नियुक्त गुंडे की ओर से परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा मुरमुन्दा चौक में बाक़ायदा डोंगरगढ़ शहर जाने का रास्ता और मंदिर दर्शन को जाने का रास्ता अलग अलग बताया गया है। इस पर भी पार्किंग वालों के द्वारा परेशान किया जाता है।आम जनों का कहना है कि,डोंगरगढ़ के हर नागरिक की पहुँच में है क्या वाहन पास जो पुलिस प्रशासन के द्वारा जारी किया जाता है।

### कल हरदी में हवन पूजन व महाप्रसादी भंडारा



हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में 22 सितंबर को माँ दुर्गा की मूर्ति स्थापना किया गया। पंचमी श्रृंगार 27 एवं 30 सितंबर मंगलवार को दोपहर हवन पूजन-आरती का कार्यक्रम एवं शाम को महाप्रसादी भंडारा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन बाल समाज दुर्गा चौक एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से रखा गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के रामचंद्र यादव, राजा साहू व भागवत साहू ने दी।

# स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पहला कदम - नेहरू निषाद

खैरागढ़ (दावा)। जिला भाजपा कार्यालय पिपरिया (खैरागढ़) में रविवार को जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी भारत विषय पर एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना और जीएसटी बचत योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है।

अपने सारगर्भित उद्बोधन में नेहरू निषाद ने कहा कि स्वदेशी अपनाना भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने पश्चिमी देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि वे अपने उत्पादन तंत्र को प्राथमिकता देकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत करते हैं। यदि भारत भी अपने उत्पादों, शिल्प, कारीगरी और तकनीकों को बढ़ावा देगा तो देश हर स्तर पर समृद्ध बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह एक राष्ट्रीय आंदोलन है। जिसे हर गांव, हर मोहल्ले तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत



**जीएसटी बचत उत्सव एवं स्वदेशी भारत विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित**

सिंह ने कहा कि स्वदेशी जीवनशैली अपनाने से हमारी अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि जब देशवासी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे, तो आत्मनिर्भरता केवल एक विचार नहीं, बल्कि व्यवहारिक रूप में साकार होगी।

पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने जीएसटी बचत उत्सव विषय पर बोलते हुए कहा कि यह योजना न केवल व्यापारी वर्ग के लिए लाभदायक है, बल्कि उपभोक्ताओं को भी आर्थिक लाभ देती है। उन्होंने विस्तार से समझाया कि जीएसटी बिल के माध्यम से खरीदारी करने पर किस प्रकार उपभोक्ताओं को सुरक्षा और बचत दोनों प्राप्त होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान को केवल सरकारी योजना न समझें, बल्कि इसे राष्ट्रभक्ति का प्रतीक मानें और जन-जन तक इसका संदेश पहुंचाएं।

कार्यक्रम के समापन पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल जानकारीपूर्ण रहा बल्कि सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। उन्होंने मुख्य वक्ता नेहरू निषाद सहित सभी मंचासीन अतिथियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस विशेष अवसर पर टीके चंदेल, आनंद सिन्हा, नीलिमा गोस्वामी, जीवन देवांगन, अनिल अग्रवाल, विनय देवांगन, शशांक ताम्रकार, नवनीत जैन, आयश सिंह, समस्त मंडल अध्यक्षगण, तथा महिला मोर्चा पदाधिकारीगण शामिल रहे। सभी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाया।

# सेवा पखवाड़ा : खैरागढ़ में स्वास्थ्य परीक्षण, मेगा हेल्थ कैम्प और मिनी मैराथन का आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में लगातार विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा बुधवार 17 सितंबर से गुरुवार 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नवीन हितग्राहियों का चिन्हांकन, यूडीआईडी कार्ड रजिस्ट्रेशन एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन सिविल अस्पताल खैरागढ़ में हुआ। वहीं वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण (सियान जतन) शिविर शासकीय होम्योपैथिक औषधालय खैरागढ़ में संपन्न हुआ। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरकामटोला में मेगा हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। नशामुक्त भारत थीम पर 3 किलोमीटर दूरी की मिनी मैराथन दौड़ का भी आयोजन हुआ। जिसमें युवाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाजार अतरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं बीते शनिवार को वृद्धा पेंशन हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण सांस्कृतिक भवन खैरागढ़ और छुईखदान में हुआ। कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिकों, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजनों का उद्देश्य जनजागरूकता के साथ-साथ समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना रहा।

# देवराज किशोर दास बने केसीजी जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष



**○ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की घोषणा 7 किसानों में खुशी की लहर**
**○ छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जारी**

छुईखदान (दावा)। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति से प्रदेश प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, राष्ट्रीय महासचिव एवं छग प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार एवं राममोहन बरुआ की अनुमति से प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा की अनुशंसा पर जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई में देवराज किशोर दास को किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए देवराज किशोर दास को किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस घोषणा के साथ ही पूरे क्षेत्र में किसानों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। देवराज किशोर दास जिन्हें आमतौर पर छुईखदान मे छोटे राजा के नाम से जाना जाता है। वर्षों से किसान हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने निरंतर किसानों की समस्याओं को प्रमुख मंचों पर उठाया है और जमीनी स्तर पर उनकी आवाज बने हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी नियुक्ति को किसानों के हक में एक दूरगामी सोच वाला निर्णय माना जा रहा है। श्री दास के जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, श्रीमती नम्रता गिरिराज किशोर दास, राजा गिरिराज किशोर दास, मोतीलाल जंघेल, गिरवर जांघेल, गजेंद्र महोबिया, कैलाश शर्मा, लाल टारकेश्वर शाह, भीग्येश यादव, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, हेमंत वैष्णव, गुलशन तिवारी, कमलेश यादव, लालू महोबिया आदि ने शुभकामनाएं दी है। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और आशा जताई है कि देवराज किशोर दास के नेतृत्व में किसान कांग्रेस को नई दिशा, ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस में आएगी नई जान, देवराज के नेतृत्व से बदलेगा किसान संगठन का मान बढ़ेगा।

# फेडरेशन के कीरत गणवीर निर्विरोध बने ब्लॉक अध्यक्ष



छुरिया (दावा)। छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर निर्वाचन पर्यवेक्षक अधिकारी के टीम दीपक साहू, खिलावन सिंह ठाकुर, मिलन साहू, प्यारेलाल साहू, राजनांदगांव द्वारा ब्लॉक ईकाई छुरिया के ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव 28 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 1 बजे से 4 के बीच जनपद पंचायत सामुदायिक भवन छुरिया में सम्पन्न हुआ। जिसमे उपस्थित छुरिया ब्लॉक छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के शिक्षक/शिक्षिकाओं सदस्यों के द्वारा सहज सरल , मधुर भाषी, मिलनसार कीरत कुमार गणवीर को फिर से छ,ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक छुरिया का निर्विरोध अध्यक्ष न्यूक्त किया गया है और सभी उपस्थित साथियों के द्वारा गुलाल, फूल-मालाएं पहनाकर ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत किया गया ब्लॉक अध्यक्ष बने कीरत कुमार गणवीर ने बताया कि छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन छग सबसे बड़ा संगठन है और यहां 3 वर्षों के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली से ब्लॉक, जिला, प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव सम्पन्न होता है। और सभी टीम भावना के साथ मिलकर काम करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं और छोटी बड़ी समस्या को मिलजूल कर समाधान हैं और उपस्थित सभी साथियों का एक बार पुनः निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष न्यूक्त करने पर सभी का हृदय से धन्यवाद, आभार प्रदर्शन किया जो दुबारा सेवा का अवसर प्रदान किया गया और उपस्थित टीम जिला पर्यवेक्षक निर्वाचन राजनांदगांव के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचक प्रमाण पत्र प्रदान कर आगामी तीन वर्षों के लिए बधाई, कुशल नेतृत्व करने कि शुभकामनाएं दिया।

जिसमे प्रमुख रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष, राकेश कुमार खोब्रागढे, उमाशंकर साहू,जगेश्वर साहू विभोर अग्रवाल, सतीश कुमार लहरे, चेतन प्रसाद दुबे, कार्तिक राम धृतलहरे, दिग्विजय नेताम, कोमल दास साहू,सुरेश कुमार साहू, भगवानी राम कन्नौजे, नरेन्द्र कुमार साहू, दिनेश कुमार कोसा, हृदय राम वर्मा, लूनकरण साहू, राममनोहर साहू, मुकेश कुमार साहू, हेमलाल सहारे, पालन दास साहू, खेमलाल सिन्हा, खेमराज कवंर विक्रम वर्मा, रविकांत चन्द्रवंशी, ब्रजेश मंडावी,,योगेन्द्र वर्मा, पुष्पालता खोब्रागढे, इरफाना शबनम, रीना नांदेश्वर, हेमलता साहू वर्षा पाठक, चमेली देवांगन, पदमा सेवता, कल्पलता चंद्रवंशी, जयचंद मालेकर, गिरधारी लाल सहारे सहित बहुत संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक छुरिया के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी ब्लॉक कोषाध्यक्ष राकेश कुमार खोब्रागढ़े ने दी।

# नवरात्रि पर ग्राम टिपानगढ़ में मां दुर्गा पूजा व पंचमी श्रृंगार कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव



छुरिया (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पंचम दिवस के के पावन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्राम टिपानगढ़ में मां दुर्गा पूजा व पंचमी श्रृंगार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी व भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहू भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने जगत जननी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि शारदीय नवरात्र का पंचमी के दिवस पर आपके गांव में माता रानी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। माता रानी की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों व प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे। नवरात्र का पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की साधना और उपासना का विशेष अवसर माना जाता है। हर दिन माताजी की एक अलग रूप की पूजा की जाती है। पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप, मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। स्कंदमाता शब्द का अर्थ है- भगवान स्कंद (यानी कार्तिकेय जी) की माता की। इसीलिए देवी को यह नाम प्राप्त हुआ था। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्रामवासियों से अपील की कि हम सभी माता रानी के दरबार में बैठे हैं। हम सभी को अपनी अंदर के बुराईयों का त्याग करना चाहिए एवं सेवा व धर्म के मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित करना चाहिए कि लोग नशे से दूर रहें। क्योंकि नशा ही नाश का करण बनता है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी व भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने भी संबोधित करते हुए मां जगदंबा व मां दुर्गा की महिमा का जिक्र किया व सभी को नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राम के विकास के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के सहयोग से जिला पंचायत सभापति बिरम रामकुमार मंडावी ने 1 लाख रुपए का किचन शेड निर्माण व 1.50 लाख रुपए कचरा पेटी के लिए घोषणा की। जिससे गांव स्वच्छ व सुंदर बना रहे। साथ ही इस अवसर पर सालिक राम पटेल पूर्व सरपंच, रामकुमार मंडावी महामंत्री, श्रीमती स्वाति मंडावी सरपंच, सवाराम साहू ग्राम पटेल, एस कुमार सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि, मनोज साहू, जगेश्वर साहू, महेश,जीत राम साहू, मन्नूराम नेताम, अशोक साहू, रामसिंह नेताम समेत पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा को इस नई पीढ़ी को जीना होगा- शीतल नवनीत जैन



छुईखदान (दावा)। नगर की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में स्वक्षता ही सेवा अभियान 2025 के तहत स्वक्षता, सेवा, पर्यावरण, जल संवर्धन विषयों पर रंगोली, चित्रकारी, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सृजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शीतल नवनीत जैन, सदस्य श्रीमती दीपाली सोनी, श्रीमती बिसन बाई पाल, श्रीमती अमिता कंडरा, पंचम साहू, नवीन श्रीवास के साथ विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, जिला मंत्री ज्ञान यादव, वरिष्ठ आनंद ठाकुर और संस्था प्राचार्य अनिल पाल सहित शिक्षक स्टाफ और शाला परिवार की समस्त छात्राओं के गरिमामय उपस्थिति में पूरा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को जनभागीदारी अध्यक्ष शीतल नवनीत जैन ने संबोधित करते हुए जिस स्वक्षता के सपने को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था। उसे आज देश के प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी पूरा करने का काम कर रहे है और यह भारत को विकासशील से विकसित बनाने के लिए अनिवार्य भी है, लेकिन यह स्वच्छता सेवा कार्यक्रम प्रतियोगिता का विषय केवल, रंगोली, चित्रकारी, भाषण, मेहंदी तक समिति नहीं रखना इस विषयों को जीवन में उतार कर जीना है और हम सब को इसकी शुरुवात खुद से करनी होगी। मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर ने भी सभी घर व स्कूल परिसर साफ रखने, जल संरक्षण, वृक्षारोपण करने की बात रखी। इस गरिमामय कार्यक्रम के लिए शाला परिवार को बधाई दी। इस आयोजित प्रतियोगिताओं के रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी तनिषा, द्वितीय जामुन जानकी, ज्योति व दीपिका, तृतीय किरण रही। वही भाषण में प्रथम मुस्कान व द्वितीय जानकी, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम इंद्राणी व द्वितीय तानिया, चित्रकारी में प्रथम माधुरी व द्वितीय रिया रही। सभी प्रतियोभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्साह और गरिमा के साथ हुआ तथा विद्यालय परिसर स्वच्छता व सेवा का सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

## पहला कॉलम...

### ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स, जाइडस ने अमेरिका से वापस मंगाई अपनी दवाईयां

नई दिल्ली। दवा बनाने वाली भारतीय कंपनियां ग्लेनमार्क, ग्रैन्यूल्स इंडिया, सनफार्मा, जाइडस और यूनिकेम मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़ी अलग-अलग खामियों की वजह से अमेरिकी बाजार से अपनी दवाइयां वापस मंगा रही हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (स्स्ष्ठ) ने ये जानकारी दी है। स्स्ष्ठ ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि ये दवा बनाने वाली कंपनियां अमेरिकी बाजार से प्रभावित लॉट अपनी इच्छा से वापस मंगा रहे हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि मुंबई स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की एक अमेरिकी सब्सिडरी कंपनी ने गोवा प्लांट में तैयार 13,824 एजेलिक एसिड जेल ट्यूबों को वापस मंगाया है, क्योंकि बाजार में इनकी बनावट में खुरदरापन की शिकायतें मिली थीं। न्यू जर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक, यूएसए ने 17 सितंबर को क्लास-द्बद्ब राष्ट्रव्यापी रिकॉल शुरू किया था। स्स्ष्ठ के अनुसार, क्लास-द्बद्ब रिकॉल तब शुरू किया जाता है जब उल्लंघनकारी उत्पाद के उपयोग या संपर्क से अस्थायी या चिकित्सकीय रूप से प्रतिवर्ती स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं, या जब गंभीर प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणामों की संभावना न्यूनतम होती है।

### वियतनाम में 'बुआलोई' तूफान ने फैलाया डर, कई हवाई अड्डे बंद

हनोई। वियतनाम में बुओलोई तूफान के डर से रविवार को मध्य और उत्तरी प्रांतों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। यह तूफान काफी तेजी से वियतनाम की ओर बढ़ रहा है। इसके आज देर शाम तक टकराने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार यह तूफान 133 किमी/घंटा (83 मील/घंटा) तक की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसकी हवाएं 1 मीटर (3.2 फीट) से अधिक ऊंची समुद्री लहरें, और मूसलाधार बारिश ला सकती हैं, जिससे फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) और भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वियतनाम की मौसम एजेंसी ने बताया कि रविवार सुबह 4 बजे बुआलोई तूफान मध्य वियतनाम के पूर्व में लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर था और उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा था। इसके शाम 6 बजे के आसपास क्वांग त्री और न्गे आन् प्रांतों के बीच ज़मीन से टकराने की संभावना थी। प्रशासन ने मध्य और उत्तरी क्षेत्रों में मछली पकड़ने वाली नौकाओं के समुद्र में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया और संवेदनशील इलाकों से रविवार शाम 5 बजे तक निकासी का आदेश जारी किया।

### यूएनजीए में नये भारत का डंका, पीएम मोदी दुनिया भर में दे रहे बड़ा योगदान

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सम्मेलन में भारत का डंका बज रहा है। विश्व के कई नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक योगदान की अंतरराष्ट्रीय मंच से जमकर सराहना की है। त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने कहा, ÷हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं... उन्होंने न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

पीएम कमला बिसेसर ने कहा कि विशेष रूप से मैं उन्हें (पीएम मोदी को) साउथ-साउथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बधाई देना चाहती हूं। हम इसका स्वागत करते हैं, क्योंकि अब तक हमेशा उत्तर (विकसित देश) का दबदबा रहा है, और प्रधानमंत्री मोदी ने साउथ-साउथ सहयोग को वास्तव में आगे बढ़ाया है। जब वह त्रिनिदाद और टोबैगो आए थे, तो उन्होंने दक्षिण के कई देशों जैसे-ब्राज़ील, घाना आदि का दौरा किया था... प्रवासी समुदाय के सदस्यों को बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रित किया गया था। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावराव ने नये भारत के नए मिजाज की जमकर यूएनजीए में तारीफ की। सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत और रूस के संबंध काफी प्रगाढ़ हैं। आज भारत का नेतृत्व काफी दमदार है। भारत अपने फैसले खुद लेता है। क्योंकि भारत अपने फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम है।

### देश की 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों का मार्केट कैप लगभग 3 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते शेयर बाजार में दर्ज की गई भारी गिरावट की वजह से देश की 10 सबसे ज्यादा वैल्यूएबल कंपनियों का मार्केट कैप कुल मिलाकर 2,99,661.36 करोड़ रुपये घट गया। पिछले हफ्ते 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से किसी भी कंपनी के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली। इस दौरान, देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (ञ्जष्टस्) को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बताते चलें कि पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स में 2,199.77 अंक या 2.66 प्रतिशत की गिरावट आई थी। पिछले हफ्ते टीसीएस का मार्केट कैप 97,597.91 करोड़ रुपये घटकर 10,49,281.56 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 40,462.09 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मार्केट कैप 38,095.78 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 6,01,805.25 करोड़ रुपये हो गया।

## नेपाल : जेन-जी आंदोलन में हिंसा पर आयोग सख्त, पूर्व पीएम ओली समेत पांच लोगों के पासपोर्ट जब्त करने के निर्देश

काठमांडू। नेपाल में जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने सख्त कदम उठाते हुए पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सहित पांच प्रमुख शीर्ष व्यक्तियों के काठमांडू छोड़ने पर रोक लगा दी है। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले जांच आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक समेत पांच पूर्व अधिकारियों के पासपोर्ट निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। उच्चस्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि हिंसा के आरोपी शीर्ष नेताओं को विदेश न जाने दिया जाए।



**पांच लोगों पर प्रतिबंध की सिफारिश**

आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, जिन लोगों पर कार्रवाई की सिफारिश की गई है, उनमें केपी शर्मा ओली मंत्रिमंडल में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक, तत्कालीन गृह सचिव गोकर्ण मणि दुवाडी, तत्कालीन राष्ट्रीय जांच विभाग के प्रमुख हुत राज थापा और काठमांडू के तत्कालीन मुख्य जिला अधिकारी छवि रिजाल शामिल हैं। आयोग ने नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग को इन पांचों व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने और दैनिक रिपोर्टिंग करने का भी आदेश दिया है। समिति के सदस्य बिग्यान राज शर्मा ने कहा, आयोग ने ओली, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक और अन्य को यह भी निर्देश दिया कि अगर वे काठमांडू छोड़ना चाहते हैं, तो अनुमति लें ताकि उनके खिलाफ जांच जारी रहने पर जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। आयोग ने कहा है कि, चूंकि उन्हें जांच के लिए किसी भी समय आयोग के समक्ष उपस्थित होना पड़ सकता है, इसलिए यात्रा प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। आयोग ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर एक प्रभावी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त विशेषज्ञों और मानव संसाधन की मांग भी की है। आयोग के सदस्य निशान राज शर्मा ने कहा कि जांच को निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**ओली ने कार्रवाई पर जताई थी नाराजगी**

आयोग का यह निर्णय ऐसे समय आया है, जब इससे एक दिन पहले ही केपी ओली ने अपने और अन्य अधिकारियों के पासपोर्ट फ्रीज करने की संभावित खबरों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था, अब सरकार मेरे विशेषाधिकार छीनने, पासपोर्ट रोकने, मेरे खिलाफ मुकदमे दर्ज करने की बात कर रही है। वे देश को असुरक्षा की ओर धकेल रहे हैं। क्या उन्हें सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिए?

## भारत फैसले खुद लेता है...विदेश मंत्री जयशंकर



नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने बेबाक बोल से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का डंका बजा दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मंच पर उन्होंने कहा कि भारत अपने फैसले खुद लेता है। विदेशमंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपने विकल्प का चुनाव करने की स्वतंत्रता आगे भी हमेशा कायम रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत समकालीन विश्व में तीन प्रमुख सिद्धांत आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास पर आगे बढ़ रहा है।

जयशंकर शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें उच्चस्तरीय सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत के लोगों की ओर से नमस्कार। भारत समकालीन विश्व में तीन प्रमुख सिद्धांत आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास- के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भरता का अर्थ है, च्अपनी क्षमताएं बढ़ाना, अपनी ताकत बढ़ाना और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ने देना। उन्होंने कहा, चाहे विनिर्माण क्षेत्र में हो, अंतरिक्ष कार्यक्रमों में हो, दवाइयों के उत्पादन में हो या डिजिटल अनुप्रयोगों में हो, हम इसके परिणाम देख ही रहे हैं। भारत में निर्माण और नवाचार से विश्व को भी लाभ होता है। जयशंकर ने आत्मरक्षा पर बोलते हुए कहा कि भारत अपने लोगों की रक्षा और देश व विदेश में उनके हितों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बीसीसीआई को मिला नया प्रेसीडेंट, मिथुन मन्हास के नाम पर लगी मुहर

नई दिल्ली। बीसीसीआई को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। बीसीसीआई ने मिथुन मन्हास को नया प्रेसीडेंट चुन लिया है। पिछले कई दिनों से मिथुन मन्हास के नाम की चर्चा चल रही थी। अब उनके नाम पर मुहर लग गई है।बता दें, मिथुन मन्हास दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। मुंबई में 28 सितंबर को वार्षिक आम बैठक (त्ररू) के समापन के बाद मन्हास को आधिकारिक तौर पर क्चष्टष्टढ्ढ का प्रेसीडेंट नियुक्त किया गया है।



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मिथुन मन्हास के क्चष्टष्टढ्ढ प्रेसीडेंट बनने की जानकारी एक्स पर दी। जितेंद्र सिंह ने लिखा- मिथुन मन्हास को आधिकारिक तौर पर क्चष्टष्टढ्ढ का नया प्रेसीडेंट घोषित किया गया है। जम्मू-कश्मीर के सुदूर इलाकों में से एक, पूर्व डोडा जिले के लिए, जो संयोग से मेरा अपना गृह जिला भी है, यह रविवार कितना सौभाग्यशाली रहा। कुछ ही घंटों के अंतराल में पहले किश्तवाड़ की एक बेटी शीतल वर्ल्ड चैंपियन बनकर उभरी और उसके तुरंत बाद मिथुन को बीसीसीआई प्रेसीडेंट चुन लिया गया।

पहली बार अनकैप्ड खिलाड़ी को मिली जिम्मेदारी 45 साल के मिथुन मन्हास बीसीसीआई के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले सिर्फ तीसरे क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली। इससे पहले रोजर बिन्नी और सौरव गांगुली ही क्रिकेटर के तौर पर क्चष्टष्टढ्ढ के बॉस रह चुके हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि मिथुन मन्हास प्रेसीडेंट बनने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी हैं।

मिथुन मन्हास 12 अक्टूबर 1979 को जम्मू-कश्मीर में जन्मे और 1997-98 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया। उन्होंने 157 फर्स्ट क्लास मैचों में 9714 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 45.82 का रहा। उन्होंने 27 शतक और 49 अर्धशतक भी जड़े। उन्होंने 130 लिस्ट-ए मैचों में 4126 रन बनाए जिसमें 5 शतक और 26 अर्धशतक लगाए। उनके नाम 91 टी 20 मैचों में 1170 रन दर्ज हैं। उन्होंने 70 विकेट भी चटकाए।

## आईसीसी ने वर्ल्डकप के कमेंट्री पैनल का किया ऐलान भारत और पाकिस्तान के ये बड़े नाम शामिल

नई दिल्ली। आईसीसी ने वूमेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के लिए कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। इस बार कमेंट्री पैनल में महिला खिलाड़ियों को खास तवज्जो दी गई है, जहां कई दिग्गज महिला क्रिकेटर और अनुभवी ब्रॉडकास्टर्स अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। खास बात यह है कि पैनल में भारत की दो पूर्व कप्तान और पाकिस्तान की पूर्व क्रिकेटर को भी जगह मिली है।




कमेंट्री पैनल में वर्ल्ड कप विजेता मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस के साथ भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और अंजुम चोपड़ा, पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन शामिल होंगे।

इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच, वेस्टइंडीज के कार्लोस ब्रेथवेट, भारत के दिनेश कार्तिक, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन, इयान बिशप, नताशा फैरेंट, म्पुमेलो म्बांगवा और रसेल अर्नोल्ड भी इस कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। अनुभवी नताली जर्मनोस, एलन विल्किंस और कास नायडू के अलावा रौनक कपूर और जतिन सप्रू जैसे उभरते चेहरे भी कमेंट्री पैनल की शोभा बढ़ाएंगे।

कमेंट्री पैनल में शामिल कि जाने पर मिताली राज ने वर्ल्ड कप 2025 को अगली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने वाला टूर्नामेंट बताया। मिताली राज ने कहा कि भारत और श्रीलंका में महिला वर्ल्ड कप का आयोजन देखना बेहद संतोषजनक है। यह न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का जश्न मनाने के बारे में है, बल्कि क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाली नई पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने के बारे में भी है। एक खिलाड़ी के रूप में इस सफर का हिस्सा होने के नाते अब वह कमेंट्री बॉक्स से अपने अनुभव साझा करने और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डालने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे खेल के भविष्य को आकार देंगे। नासिर हुसैन ने कहा कि हर वर्ल्ड कप सिर्फ खेल नहीं, बल्कि प्रतिद्वंद्विता और यात्राओं की कहानी भी होता है। वहीं, पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर सना मीर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाए दीं और कहा कि टूर्नामेंट हर बार नया मुकाम हासिल करता है।

## रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा हमला, राजधानी कीव पर दागे 500 ड्रोन

नई दिल्ली। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर रातभर ड्रोन और मिसाइलें बरसाई हैं। बताया जा रहा है कि रात में रूस ने यूक्रेन में 500 से ज्यादा ड्रोन और 48 मिसाइलें दागे हैं। हमले में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन की वायुसेना ने रविवार को हुए हमले के बारे में बताया कि रूस ने 550 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन, 48 मिसाइलें और कई हथियार कीव पर दागे हैं। यूक्रेन ने बताया कि एयर डिफेंस सिस्टम ने रूस के 566 ड्रोन और 45 मिसाइलों को मार गिराया या फिर हवा में ही जाम कर दिया था। इसके अलावा कई ड्रोन और मिसाइलें जमीन पर गिरीं और इससे जानमाल का काफी नुकसान हुआ। शनिवार-रविवार रात को हुआ हमला पिछले महीने के बाद रूस का दूसरा सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। सबसे बड़े हमले में पिछले महीने रूस ने कीव में स्थित नगर प्रशासन को निशाना बनाया था।



हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी घटना की जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा कि देर रात को रूस ने यूक्रेन के कीव के अलावा जापोरिज्जिया, खमेलनित्सकी, सूमी, मायकोलाइव, चेर्निहिव और ओडेसा पर हमला किया। जेलेंस्की ने लिखा कि यह घिनौना हमला संयुक्त राष्ट्र महासभा सप्ताह के दौरान हुआ है। कहा कि रूस अपनी असली स्थिति इसी तरह जताता है। जेलेंस्की ने रूस पर निशाना साधते हुए कहा कि मॉस्को अपनी लड़ाई जारी रखना चाहता है। नाटो और यूक्रेन की वकालत करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया को रूस पर दबाव बनाना चाहिए।

रूसी हमले में यूक्रेन को भारी नुकसान का अनुमान बताया जा रहा है। कीव के महापौर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, रात को शुरू से सुबह तक हुए हमलों में कई आवासीय इमारतों, हॉस्पिटल, किंडर गार्डन को भी काफी नुकसान हुआ। हमले में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसमें एक 12 साल की बच्ची भी शामिल है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 29 सितंबर 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 19 | 26 | 30 |
| मंगल | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 28 | 39 | 46 |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 47 | 59 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 58 | 67 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 57 | 68 | 70 |
| शनि | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 60 | 78 | 86 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 62 | 75 | 81 |
| मंगल | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 74 | 82 | 95 |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 73 | 84 | 93 | 01 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 92 | 02 | 15 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 91 | 03 | 14 | 21 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 3 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 57 | 86 | 92 | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 37 | 46 | 52 | 81 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

**कल्याण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | 75 | 61 | 43 | 17 | 24 |
| 14 | 63 | 87 | 01 | 51 | 58 |
| 99 | 42 | 44 | 16 | 56 | 38 |
| 52 | 58 | 49 | 69 | 79 | 71 |

**राजधानी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 65 | 20 | 69 | 20 | 65 |
| 26 | 59 | 02 | 25 | 07 |
| 51 | 47 | 76 | 98 | 20 |
| 50 | 58 | 42 | 81 | 52 |

**जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-146-245-227-777 2-246-228-499-688-444-
3-166- 4-680-266-338-400-888 5-230-249-113-122
-177-366-799-889-555 6-330-448-466-600-222
7-124-368-188- 700-999 8-134-567-440-477-
666 9-450-117-144-199-559-577-333
0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-61-66-67-75- 78-88-80-95
-99-90-01-05
1-146-290-119-777, 2-660-688- 778-444,
3-157-256-166-300-599-779-111
4-112-220-338-699-888, 5-366-447-500-555
6-556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-126-135-289-117-199-
388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***बिहार विस चुनाव और 7 राज्यों में बाय....***

नियंत्रण और अनुशासन के अधीन कार्य करते हैं। पर्यवेक्षकों को चुनावों की निष्पक्षता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण और गंभीर जिम्मेदारी सौंपी जाती है। वे आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करते हैं। जो की समय-समय पर और आवश्यकतानुसार आयोग को रिपोर्ट करते रहते हैं। पर्यवेक्षक का कार्य ना केवल आयोग को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनाव आयोजित करने के अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करने में मदद करना होता है, बल्कि चुनावों में मतदाता जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने में भी योगदान करते हैं। यह अपनी वरिष्ठता और प्रशासनिक सेवाओं में लंबे अनुभव के कारण, सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन में आयोग की सहायता करते हैं। यह जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया के कुशल और प्रभावी प्रबंधन की भी निगरानी करते हैं। साथ ही सबसे जरूरी व्यय पर्यवेक्षक उम्मीदवारों द्वारा किए गए चुनावी खर्चों का निरीक्षण करने के लिए नियुक्त किए जाते हैं।

***करूर रैली भगदड़ में 40 की मौत, मृतकों....***

इस मुश्किल समय में प्रभावित परिवारों का समर्थन करें। साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विजय ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे आयोजनों में सभी की सुरक्षा सर्वोपरि हो। यह त्रासदी हमें कठिन सबक सिखाती है, और हम इसे गंभीरता से लेंगे। इस दुखद घटना ने न केवल टीव्हीके के सदस्यों, बल्कि पूरे तमिलनाडु के लोगों

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

को स्तब्ध कर दिया। विजय और उनकी पार्टी ने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना और सहायता का वादा दोहराया।

***सीमेंट दुकान से खरीद पर बवाल, मुख्यमंत्री....***

2 के परियोजना अधिकारी ने 19 फरवरी 2024 को इस फर्म को कोटेशन देने और चयन की अनुशंसा का पत्र भेजा था। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि खरीद प्रक्रिया पूर्व-निर्धारित थी और स्थानीय दुकानों को जानबूझकर दरकिनार किया गया। योजना के तहत गरीब कन्याओं के विवाह के लिए आवंटित सरकारी धन का इस तरह दुरुपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि भ्रष्टाचार की स्पष्ट मिसाल भी है।

जांच का आदेश, कार्रवाई की चेतावनी : महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों की तत्काल जांच कराई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा, ÷यदि किसी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है, तो दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।÷ जिला प्रशासन ने भी इसकी जांच शुरू करने की बात कही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी गड़बड़ियां योजना की मूल भावना को ही कमजोर कर रही हैं।

***अपमान की नीयत साबित नहीं : 17 साल...***

अपराध नहीं बनता। निचली अदालत ने इस आधार पर सजा सुनाई थी। विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव ने सुनवाई में पाया कि कार्यालय सहायक टीकमराम ने लिखित रिपोर्ट में कहा कि शिक्षिका अनीता सिंह ठाकुर ने सार्वजनिक रूप से कहा कि मैं मोची के हाथ की चाय नहीं पीती। वहीं स्कूल के दो शिक्षक प्रधानाध्यापक महेश कुमार और शिक्षक रविलाल ने भी अदालत में इस बयान का समर्थन किया। अदालत ने पीड़ित का अस्थायी जाति प्रमाण पत्र स्वीकार किया। जिसमें उसकी जाति सतनामी (अनुसूचित जाति) दर्ज थी। इन साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए ट्रायल कोर्ट ने माना कि आरोपित ने सार्वजनिक स्थान पर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को उसकी जाति से अपमानित किया और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(एक्स) के तहत छह माह की सजा और 500 रुपये जुर्माना सुनाया।

पुराने तनाव और आंतरिक विवाद के चलते शिकायत : हाईकोर्ट के आदेश में गवाहों के बयान से यह बात सामने आई कि शिकायतकर्ता ने स्वीकार किया कि घटना से लगभग डेढ़-दो माह पहले तक शिक्षिका अनीता उसकी बनाई चाय पीती थी और उनसे कोई विवाद नहीं था, लेकिन उसने यह भी कहा कि लगभग दो-तीन वर्ष पहले अनीता ने उसे चाक देने पर थप्पड़ मारने की घटना की थी। हालांकि उस समय उसने पुलिस में कोई रिपोर्ट नहीं दी। बचाव पक्ष ने यह सुझाव भी दिया कि स्कूल में प्रधानाध्यापक रवि श्रीवास्तव और अन्य शिक्षकों के बीच विभागीय विवाद चल रहा था और उसी के कहने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। हालांकि इन बातों का ठोस सबूत नहीं मिला, पर हाई कोर्ट ने माना कि ऐसे पुराने तनाव और आंतरिक विवाद की आशंका से शिकायत पर संदेह पैदा होता है।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा के संस्थापक व प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शहर भाजपा मंडल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में वार्ड नंबर दो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड सहित आसपास के लोगों ने पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। वहीं दूसरी ओर मुख्य आयोजन स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल के जीवन परिचय पर अपने-अपने विचारों को सभी के बीच रखा। श्री भारती ने कहा कि पंडित उपाध्याय जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक और राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ (बीजेएस) के नेता थे, जो भाजपा का अग्रदूत था। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ जनों का भाजपा नेताओं द्वारा शाल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया।



पंडित उपाध्याय एक भारतीय राजनीतिज्ञ, एकात्म मानववाद विचारधारा के प्रस्तावक थे - रामजी भारती

इस अवसर पर प्रदेश के भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंग बनोआना, ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता हरविंदर सिंह मगे, सुनील चीकू जैन, महेंद्र भाई पटेल, सी पी मिश्रा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चोवड़िया, महेंद्र वैष्णव, कुलवंत कक्कड़, राजनारायण चंद्रेल, महेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, मंडल महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंहा, तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोई, महामंत्री रवि यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर पालिका सभापति अमित जैन, रेखा राजेश राघौते, देवेंद्र साखरे, सुमित ताम्रकार, हरीश मोटघरे, पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर, भाजपा कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव, उपाध्यक्ष ,अनिल पांडे ,अलका जयेश सहारे ,सरफराज नवाज, एस पी मिश्रा, कैलाश सोनवानी, लक्ष्मी यादव, सौमित्र सोनी, अर्चला सिंह ठाकुर, नागेंद्र परिहार, सुषमा कोठारी, अनीता इंदुलकर, आकाश राजपूत, लोकेश इंदुलकर, हेमलाल वर्मा, जसबीर चौहान, रामाधार ओझा, मीना यादव, अमरावती शाह, सुलभा सिंह, संगीता राजपूत, संगीता मोहने, मुकुंद कडरा, ओम कोठारी, गिरीश साहू, डिंपी महापात्रे, रामकुमार डड़सेना, कुंदन साहू, मिथिलेश साहू, चितरंजन साहू, कन्हैया अग्रवाल, ऋषभ लारोंकर, दीपक ठाकुर, ओमप्रकाश साखरे, नवीन, विजय विजयवाड़, महेश सहारे, आवेश निगम, शुभम परिहार, विक्रांत राजपूत, बादल मरस्कोले, कैलाश मेश्राम, रामकुमार डडसेना, हिमांशु सेन, आदित्य मिश्रा, अजय शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

# कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और संस्थागत प्रसव पर दिया जोर

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मरकामटोला विकासखंड खैरागढ़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी गर्भवती महिलाओं की चार अनिवार्य जांच सुनिश्चित होनी चाहिए और उनका संस्थागत प्रसव कराना प्राथमिकता में रखा जाए। इस दौरान उन्होंने दवाइयों की आपूर्ति और टीकाकरण अभियान की जानकारी भी ली।



मरकामटोला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण
स्वच्छता दीदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

### स्वच्छाग्राही हेल्थ कैंप का आयोजन

निरीक्षण के मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरकामटोला में स्वच्छाग्राही हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से 85 स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आज 40 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जबकि तीन दिवसीय अभियान के दौरान अब तक 140 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया जा चुका है।

### बुजुर्गों के लिए वय वंदना और आयुष्मान कार्ड

कलेक्टर ने मरीजों से सीधे संवाद कर केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए स्वास्थ्य केंद्र को आदर्श स्वरूप में विकसित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यह भी निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों का वय वंदना कार्ड और आयुष्मान कार्ड तैयार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सके।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के पुराने भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'मेरा युवा भारत' संस्था, राजनांदगांव के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती एवं 'मेरा युवा भारत' राजनांदगांव से ओमप्रकाश कामड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय मां भारती के सच्चे सपूत थे- डॉ. ई व्ही रेवती प्राचार्य

प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मां भारती के सच्चे सपूत थे। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे एक महान विचारक, शिक्षाविद एवं समाजसेवी थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत को आत्मसात करना चाहिए। तभी उनके द्वारा सोचे गए भारत की परिकल्पना साकार हो पाएगी। प्रतियोगिता में कुल 25 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान करीना डोंगरे (अर्थशास्त्र विभाग), द्वितीय स्थान बबीता मेश्राम (अंग्रेजी विभाग) एवं तृतीय स्थान पीयूष यादव (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया। उक्त विजेताओं को मेरा युवा भारत संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में प्रमुख भूमिका डॉ. सपना परिहार, नीलम सिन्हा एवं एवलाल मेश्राम द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी एवं सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के प्रति युवाओं की जागरूकता को दर्शाती है।

# गायत्री विद्यापीठ में 'मूल्य आधारित शिक्षा' पर शताब्दी पाण्डे का ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। नित नए प्रयोगों के द्वारा शिक्षा में गुणात्मक निखार लाने के उद्देश्य से गायत्री विद्यापीठ में 27 सितंबर दिन शनिवार को विद्यालय के ऑडिटोरियम सभागार में 'वैल्यू बेस्ड एजुकेशन इन मॉर्डन क्लास रूम एंड रोड ऑफ टीचर इन कैरेक्टर बिल्डिंग' विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया गया।

श्रीमती पाण्डे प्रसिद्ध समाजिक कार्यकर्ता बाल संरक्षण नेतृत्वकर्ता, प्रदेश प्रवक्ता है। उक्त आयोजन गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितालंग्या एवं सचिव गगन लड्ढाके मार्गदर्शन में आरंभ हुआ। इस व्याख्यान में श्रीमती शताब्दी पाण्डे का स्वागत कास्वागत प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा किया गया। स्वागत उदबोधन डॉ. बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने शताब्दी पाण्डे के योगदान की सराहना करते हुए शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।



शिक्षक केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण के शिल्पी हैं

श्रीमती शताब्दी पाण्डे ने आधुनिक कक्षा में मूल्यों पर आधारित शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि तकनीक और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में केवल अकादमिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवन मूल्यों और नैतिकता को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदाता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के शिल्पी भी होते है। शिक्षकों के आचरण, व्यवहार और मार्गदर्शनसे ही विद्यार्थी जीवन की सही दिशा पाते हैं। शिक्षा में नित नवीन प्रयोग विद्यार्थियों के रूचि जागृत करने में एक कारगार कदम है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के भविष्य निर्माण में सहायक है। ऐसी अनेक बातों, प्रयोगों एवं सुझावों को श्रीमती शताब्दी पाण्डे द्वारा कई रोचक प्रसंगों एवं प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य की ओर प्रेरित करते हैं। आयोजन काफी शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायी रहा। प्रश्नोत्तर के माध्यम से शिक्षकों ने कई मुद्दों पर समाधान पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आभार प्रदर्शन सूर्यकांत चितलांग्या एवं गगन लड्ढा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या देवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सह सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, स्पोर्ट्स डायरेक्टर सागर चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, श्रीमती दीपाली रायचा, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, कार्यक्रम प्रभारी अंकित व्यास, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की गई।

# लायंस के रंगारंग गरबा उत्सव में बनाया शहर में विशेष पहचान, गरबे की धुन में थिरके रहे सैकड़ों लोग

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों नवरात्रि पर्व पर शहर में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का गरबा उत्सव छाया हुआ है। गायत्री विद्यापीठ के मैदान में आयोजित लायंस के गरबा उत्सव में रोजाना सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ रही है और डिजिटल लाइटिंग की चकाचौंध व आधुनिक म्यूजिक की स्वर लहरियों के ताल में ताल मिलाते हुए सैकड़ों की संख्या में बीच गरबा प्रेमी सुध-बुध खोकर थिरक रहे हैं और नृत्य के माध्यम से मातारानी के प्रति अपनी आस्था को प्रकट कर रहे है। पिछले दिनों जहां अहमदाबाद के सिंगर राजवर्धन सुथार ने अपनी गायकी से समां बांधा था। अब स्थानीय गायक/गायिकाएं व नर्तक भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए लायंस के गरबा उत्सव को नया रंग दे रहे हैं। इससे यह लायंस का भव्य गरबा उत्सव का आयोजन धूम मचा रहा है।

### रीजन चेयरमैन देवेश राठौर ने की मातारानी की पूजा

नवरात्रि पंचमी को लायंस क्लब के गरबा उत्सव में लायंस रीजन चेयरमैन देवेश राठौर ने मातारानी की पूजा अर्चना कर गरबा उत्सव की शुरुआत की उनका साथ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा ने दिया। इस अवसर पर लांयस गरबा उत्सव के आशीर्वादक पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, उमेंद कोठारी, श्रीमती शारदा तिवारी, मनदीप जज आदि सहित लायंस गरबा उत्सव के चेयरमैन राजा माखीजा, संयोजक बृजकिशोर सुरजन, अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, सचिव मयंक शर्मा, नेहा गुप्ता आदि उपस्थित थे। गरबा उत्सव के मुख्य आकर्षण रहे युगल जोड़ियां के गरबा प्रदर्शन से लोग वाहवाही कर रहे। उनके गरबा गीत व नृत्य का ऐसा समां बंधा कि लोग उनके साथ थिरकने को मजबूर हुए।



बेस्ट गरबा के लिए मनीषा व पृथ्वी ने जीता इनाम, किड में पंखुड़ी रही अव्वल

इस दौरान गरबा की प्रस्तुतियों में युवक-युवतियों के साथ बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया।

### गरबा प्रतियोगियों ने अपने श्रेष्ठ प्रदर्शनों से जीते इनाम

लायंस गरबा उत्सव 2025 के चेयरमैन राजा माखीजा व संयोजक बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि लायंस क्लब गरबा उत्सव की थीम छत्तीसगढ़ी पर आधारित है। इसमें बेस्ट ड्रेस अप के लिए किड में पंखुड़ी डागा को इनाम से नवाजा गया।

वहीं बेस्ट ड्रेसअप फिमेल में मनीषा मिश्रा व मेल में पृथ्वी तिवारी ने अपना स्थान बनाया। इसी तरह बेस्ट इम्प्रेसिव में खुशी चंद्राकर, बेस्ट गरबा किड्स में रिया सिंह व बेस्ट गरबा फिमेल आरती वैष्णव व मेल में डर्विन साहू मुख्य विजेता रहे। लायंस के गरबा में फिमेल जहां मीना यादव रही। वहीं सूघ्ग्रर गरबा मेल में मुकेश सिंह रहे। स्पेशल परफार्मिंग के साथ डिफरेंट कास्ट्यूम (अलग पहनावा) की बाजी लक्ष्मी सादानी ने जीती। इन क्यूट गरबा परफॉर्मेंस करने वालों को आगत अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।

# कमला कॉलेज में महिला स्वास्थ्य पर जागरुकता संगोष्ठी एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



360 छात्राओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिए स्वस्थ जीवनशैली के टिप्स

कार्यक्रम का विषय-ईट राईट, स्लीप राईट, हेव ए हेल्दी लाईफस्टाईल रहा। आयोजन यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. एनआर नवरत्न (मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी) ने राज्य व केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. प्रकाश खुटे (एसोसिएट प्रोफेसर, मेडिसिन) ने संतुलित आहार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छा भोजन, अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है।

डॉ. धीरज भवनानी (डीएनबी एनेस्थीसिया) ने स्लीप राइट्स विषय पर कहा कि नींद की गुणवत्ता बेहतर स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। डॉ. पूजा मेश्राम ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए परिवार को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

डॉ. सौम्या चेलक ने आइडियल लाइफस्टाइल विषय पर कहा कि चमकता चेहरा, स्वस्थ शरीर की पहचान है। वहीं डॉ. लक्की नेताम ने व्यायाम को दीर्घायु जीवन का आधार बताया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. साक्षी गजभिये द्वारा छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं नर्स ज्योति यादव एवं नलिनी सागरे द्वारा औषधियों का निः शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने महिला स्वास्थ्य और पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी। महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष सुश्री मणीभास्कर गुप्ता ने नारी सशक्तिकरण पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलम राम धनसाय (सहा. प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं यूथ रेडक्रॉस अधिकारी) ने किया। श्रीमती रामकुमारी धुर्वा (संगीत विभाग, एनएसएस अधिकारी) ने सेवा पखवाड़ा की संकल्पना एवं स्वच्छता पर संक्षिप्त वक्तव्य दिया।

# दिग्विजय महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का गठन, विद्यार्थियों ने ली शपथ

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी पी.जी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 25 सितंबर को वाणिज्य परिषद का गठन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एस.के. उके के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम डॉ. एस.के. उके द्वारा विद्यार्थियों को वाणिज्य परिषद के महत्व से अवगत कराते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया एवं विद्यार्थियों को विभाग की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा विभाग के कार्यों को एकजुट होकर संपादित करने को कहा गया। उन्होंने परिषद के गठन की प्रकिया से अवगत कराते हुए कहा कि वाणिज्य परिषद का गठन गुणानुक्रम के आधार पर किया जाता है। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक प्रो. स्वयंसिद्धा झा के द्वारा किया गया। वाणिज्य परिषद में मनोनीत अध्यक्ष चित्रकला (एम.कॉम.अंतिम), उपाध्यक्ष महक जैन (एम.कॉम.प्रीवियस), सचिव साधना वर्मा (एम.कॉम.अंतिम), सहसचिव-पटेल वृत्ति (एम.कॉम. प्रीवियस) एवं कोषाध्यक्ष कुमारी ट्विंकल (एम.कॉम.अंतिम) को आमंत्रित कर डॉ. एस.के.उके द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई तथा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में एम.कॉम. अंतिम से वैशाली यादव, अंजलि बघेल, शिशिर मिश्रा, रोशन जहांआरा, चांदनी सोनकर, शुभ्रा शर्मा, श्रुति वाघमारे, खिलेश्वरी, एम.कॉम. प्रीवियस से प्रशांत चौरे, हर्षिता देशमुख, कविता सिन्हा, कुमकुम साहू, गोयल साहू, किरण साहू एवं बी.कॉम. सातवें सेमेस्टर से बालकृष्ण कोमरे, साहिल जंघेल, अंकिता ओटी, रेशमा तारम, बरखा महोबिया, गोपेंद्र देवांगन, जितेश देवांगन, अभिज्ञान झा को शपथ ग्रहण प्रोफेसर सुमन कोचर के द्वारा कराया गया। यह परिषद विद्यार्थियों में संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता को विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान करती है। सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ ग्रहण के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक प्रो. एचसी जैन द्वारा किया गया। उन्होंने मनोनीत सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए वाणिज्य विभाग की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उक्त वाणिज्य परिषद गठन में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



परिषद नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल विकास का बनेगा सशक्त मंच

# स्टेट हाईस्कूल में आयोजित हुई एलीमेंट्री ड्राईंग ग्रेड परीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेट हाईस्कूल में शनिवार को एलीमेंट्री ड्राइंग परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा में पूरे राज्यभर से 187 परीक्षार्थी बैठे।

डायरेक्ट्रेट आर आर्ट मुंबई के निर्देशन में दिनांक 24 सितंबर से 27 सितंबर तक आयोजित उक्त ड्राईंग ग्रेड परीक्षा का आयोजन स्थानीय स्टेट हाईस्कूल में किया जा रहा था। इसके अंतर्गत दिनांक 24 एवं 25 को एलिमेंटेरी ग्रेड परीक्षा जिसमें आब्जेक्ट ड्राईंग, मेमोरी ड्राईंग डिजाइन एवं ज्यामेट्री ड्राईंग विषय पर पेपर परीक्षा आयोजित रही। इस परीक्षा में कुल 187 छात्र पूरे राज्य भर से विभिन्न कला केन्द्रों के माध्यम से परीक्षा में शामिल हो रहे है।



पूरे राज्य भर से 187 छात्र बैठे ड्राइंग परीक्षा में

इसी प्रकार दिनांक 26 तथा 27 को ईंटरमीडिएट ड्राईंग ग्रेड परीक्षा में स्टील लाईफ, मेमोरी ड्राईंग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर परीक्षार्थी शामिल रहे। इस वर्ष दीपचंद चित्रकला केन्द्र राजनांदगांव, ताम्रकार ड्राईंग कलासेस दुर्ग, विनायक फाईन आर्ट राजनांदगांव, फेस भिलाई, नुतन कला केन्द्र रायपुर, आर्ट जोन दुर्ग, यामिनीकला केन्द्र राजनांदगांव एवं फिनीशींग कलासेस रायपुर से परीक्षायें शामिल रहे।

बता दें कि स्टेट हाईस्कूल परीक्षा केन्द्र में इस परीक्षा का आयोजन लगभग 75 वर्षों से संचालित है एवं प्रदेश का एक मात्र परीक्षा केन्द्र है जहां से परीक्षार्थी प्रमाण पत्र प्राप्त कर शासन की योजना का लाभ लेते है, द्विवर्षीय परीक्षा में शामिल छात्र को ग्रेडिंग प्रणाली से प्रमाण पत्र प्राप्त होते है, इस प्रमाण पत्र के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार मे एक निजी संस्थाओं मे मानचित्र कार एवं ड्राईंग शिक्षक के रूप में सेवा का अवसर प्राप्त होता है। ड्राइंग प्रभारी शिक्षक सुनील भागवत ने बताया कि इस वर्ष भी सर्वाधिक परीक्षार्थी को परीक्षा में शामिल करने के लिए स्थानीय यामिनी कला केन्द्र के संचालक रितेश देवागंन को शाला के प्राचार्य माधोसिंग ने हार्दिक बधाई दी एवं समस्त परीक्षार्थीयों का परीक्षा में शामिल होने पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राजनांदगांव जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित



**० अनुभव, युवा जोश और सामाजिक संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया**
**० भावेश कोषाध्यक्ष, ऋषिदेव मंत्री, तरुण, लक्की भाटिया बने उपाध्यक्ष**
**० अमर लालवानी को पुन: बनाया जिला मीडिया प्रभारी**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज जिला भाजपा की बहुप्रतिक्षित नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला भाजपा की आज लंबे इंतजार के बाद आज पदाधिकारी की सूची घोषित कर दी गई। जिसमें नए एवं युवा चेहरों के साथ-साथ अनुभवियों को जगह दी गई है और महिलाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। इस सूची को अंतिम रूप विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिया है।

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पसंद रहे भावेश बैद को कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, साथ ही युवा पत्रकार और महामंत्री सौरभ कोठारी के करीबी माने जाने वाले रघु शर्मा को प्रवक्ता के रूप में एक नई जिम्मेदारी भाजपा ने दी है। इसी के साथ-साथ पुराने और अनुभवी मीडिया प्रभारी अमर लालवानी को एक बार फिर मीडिया प्रभारी के रूप में प्रभार सौंपा गया है। वही सोशल मीडिया की बात करें तो सोशल मीडिया में एक्टिव रहने वाले मुकेश शर्मा को भी सोशल मीडिया का प्रभार सौंपा गया है। वही तरुण लहरवानी को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। बता करें मंत्री की तो अभिषेक सिंह के करीबी माने जाने वाले ऋषिदेव चौधरी को मंत्री पद की महती जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही पहले से आईटी सेल संभाल रहे मनीष गोलछा को एक बार फिर आईटी सेल की जिम्मेदारी दी गई है। वही जिला भाजपा की सूची में 4 महिलाओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें 3 उपाध्यक्ष एवं 1 मंत्री पद से नवाज गया है।

जिला भाजपा कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्षगण-रोहित चंद्राकर, श्रीमती जागृति यदु, श्रीमती देव कुमारी साहू, श्रीमती किरण बारले, तरुण लहरवानी, जगजीत सिंह भाटिया लक्की, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, जिला मंत्रीगण-जैसल लाल बंटी, ऋषिदेव चौधरी, जैन कुमार मेश्राम, बोधन साहू, श्रीमती मीना पुजेरी, श्रीमती प्रीति ताम्रकार, जिला कोषाध्यक्ष -भावेश बैद, सह कोषाध्यक्ष आकाश चोपड़ा, जिला मीडिया प्रभारी-अमर लालवानी, सह मीडिया प्रभारी रवि सिन्हा, रघु शर्मा प्रवक्ता कैलाश शर्मा, रामकुमार गुप्ता कार्यालय मंत्री अतुल रायजादा, सह कार्यालय मंत्री मुकेश ध्रुव कार्यालय प्रभारी त्रिगुण टांक, कार्यालय सह प्रभारी अरुण शुक्ला, जिला आई.टी. सेल संयोजक मनीष गोलछा, आईटी सेल सहसंयोजक सूर्यकांत शर्मा एवं सोशल मीडिया संयोजक-ईशान शर्मा सहसंयोजक मुकेश शर्मा, देवेंद्र यदु को मनोनित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इस नई कार्यकारिणी की टीम संगठन को मजबूत बनाते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पार्टी की योजनाओं और विचारधारा को पहुँचाने का कार्य करेगी। प्रदेश नेतृत्व ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह टीम राजनांदगांव जिले में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगी।

# माता का दर्शन करना आसान, विष्णु का दर्शन हुआ मुश्किल- पूर्व सीएम भूपेश बघेल



**मां बमलेश्वरी के दरबार में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद, की प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना**

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर कटाक्ष करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विराजमान विभिन्न देवियों के दर्शन करना जितना आसान है। उतना ही कठिन विष्णु का दर्शन करना हो गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार का प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है और साथ ही पार्टी को मुझ पर विश्वास है कि मुझे इस प्रकार महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलते आ रही है।

श्री बघेल ने आगे कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश की तस्वीर और तकदीर दोनों बिगड़ती जा रही हैं। शासकीय कर्मचारी, बेरोजगार युवा हों या किसान हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त होकर सड़कों पर उतरने को मजबूर है। जनता को गुमराह कर सत्ता में आई भाजपा अब हर मोर्चे पर नाकाम साबित हो रही है। भाजपा शासनकाल में शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। गांव-गांव और शहर- शहर, हर गली-चौराहे पर शराब बिक रही है। जिससे समाज में गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इसके पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष में मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंचकर माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन करने के पश्चात सदभावना दीप प्रज्वलित करते हुए पूर्व सांसद भ्राता अभिषेक सिंह सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, तरुण लहरवानी, मुरलीधर सोमानी भाई एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

# कल माता देवाला शीतला मंदिर में महाअष्टमी पर हवन



राजनांदगांव (दावा)। माता देवाला शीतला मंदिर सोनार पारा में महाअष्टमी पर 30 सितंबर को ब्रम्ह मुहूर्त पर प्रात: 4 बजे महाआरती के पश्चात भक्तों को 5:30 बजे तक गर्भ गृह में माता शीतला का चरण स्पर्श किया जाएगा और हवन संध्या 7 बजे से शुरू होगा जो माता के आशीर्वाद तक चलेगा।




नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com